रविवार, 2 फरवरी 2025

मौसम

तापमान 31 – 20
आर्द्रता 71%
सूर्योदय: 6:16 सूर्यास्त: 17:25

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

2025 बजट



स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, माघ शुक्लपक्ष चतुर्थी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

सुविचार : ज्ञान के बाद यदि अहंकार का जन्म हो तो ज्ञान जहर होता है।

# अब 12 लाख रुपये सालाना आय पर नहीं लगेगा कोई कर



- अगले हफ्ते आएगा नया इनकम टैक्स बिल
- चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सुस्त पड़ती आर्थिक वृद्धि को गति देने के मकसद से एक तरफ जहां मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देते हुए 12 लाख रुपये की सालाना आय पर कर छूट की घोषणा की है, वहीं दूसरी तरफ बीमा क्षेत्र में एफडीआई सीमा बढ़ाने समेत अगली पीढ़ी के सुधारों को तेज करने का प्रस्ताव किया है। सीतारमण की इस घोषणा से करीब एक करोड़ और लोग कर के दायरे से बाहर हो जाएंगे। उल्लेखनीय है कि चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर चार साल के निचले स्तर 6.4 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है।

बजट में विकसित भारत के लक्ष्य के लिए चार इंजन...कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात...को चिन्हित किया गया है। सीतारमण ने नौकरीपेशा और मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देते हुए 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय को पूरी तरह से आयकर से छूट देने की घोषणा की। साथ ही कर स्लैब में भी बदलाव किया है। आयकर छूट नई कर व्यवस्था का विकल्प चुनने वाले आयकरदाताओं को मिलेगी। वेतनभोगी करदाताओं के लिए 75,000 रुपये की मानक कटौती के साथ अब 12.75 लाख रुपये पर कोई कर नहीं लगेगा। वित्त मंत्री ने बजट के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि 12 लाख रुपये की आय पर कर छूट की घोषणा से करीब एक करोड़ और लोग कर के दायरे से बाहर हो जाएंगे।

सीतारमण ने संसद में 2025-26 का बजट पेश करते हुए कहा, ''नई कर व्यवस्था में छूट के माध्यम से मध्यम वर्ग के करों में काफी कमी आएगी और उनके हाथ में अधिक पैसा बचेगा, जिससे घरेलू उपभोग, बचत और निवेश को बढ़ावा मिलेगा।'' सीतारमण ने लोकसभा में अपना लगातार आठवां बजट पेश करते हुए अगली पीढ़ी के सुधारों का खाका भी पेश किया। उन्होंने बीमा क्षेत्र में एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेश निवेश) की सीमा को 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने के साथ ही कर कानूनों को सरल बनाने का भी प्रस्ताव किया। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार के पिछले 10 साल के विकास के 'ट्रैक रिकॉर्ड' और संरचनात्मक सुधारों ने वैश्विक स्तर पर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। उन्होंने कहा, ''इस बजट का लक्ष्य पहले पांच वर्षों के दौरान छह क्षेत्रों... कराधान, बिजली क्षेत्र, शहरी विकास, खनन, वित्तीय क्षेत्र और नियामकीय क्षेत्र में परिवर्तनकारी सुधार शुरू करना है। ये हमारी वृद्धि क्षमता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाएंगे।'' कर मोर्चे पर सुधार के तहत सीतारमण ने आयकर प्रावधानों के नियमन संबंधी छह दशक पुराने कानून की जगह एक सरल कानून लाने का प्रस्ताव किया। उन्होंने कहा कि नए आयकर कानून में 'न्याय' की भावना होगी और यह 'पहले विश्वास करो, बाद में जांच करो' के सिद्धांत पर काम करेगा। उन्होंने बजट में की गई तमाम घोषणाओं के बावजूद राजकोषीय मजबूती की राह को नहीं छोड़ा है। वित्त वर्ष 2025-26 में राजकोषीय घाटे के अनुमान को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.4 प्रतिशत पर रखने का लक्ष्य तय किया गया है। चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। राजकोषीय घाटे की भरपाई के लिए सरकार अगले वित्त वर्ष में बाजार से 11.54 लाख करोड़ रुपये का कर्ज लेगी। वित्त मंत्री ने पूंजीगत व्यय का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार अगले वित्त वर्ष में 11.21 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय करेगी।

## बजट में अगली पीढ़ी के सुधारों पर जोर

### सीतारमण ने 2025-26 के लिए 50.65 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को आम बजट 2025-26 पेश किया, जिसमें 50,65,345 करोड़ रुपये के व्यय की परिकल्पना की गई है। यह राशि चालू वित्त वर्ष के मुकाबले 7.4 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 का व्यय (संशोधित अनुमान) 47.16 लाख करोड़ रुपये है।

### वरिष्ठ नागरिकों की एक लाख रुपये तक की ब्याज आय होगी कर-मुक्त

बजट में वरिष्ठ नागरिकों को बड़ी राहत देते हुए ब्याज आय पर कर कटौती की सीमा को एक लाख रुपये करने और किराये पर कर की सीमा को 2.4 लाख रुपये से बढ़ाकर छह लाख रुपये करने का प्रस्ताव रखा। सीतारमण ने लोकसभा में वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश करते हुए वरिष्ठ नागरिकों के पास अधिक राशि सुनिश्चित करने के लिए इन कर संशोधनों की घोषणा की।

### किराये से छह लाख रुपये की आय पर ही लागू होगा टीडीएस प्रावधान

सरकार ने किराये पर दी गई संपत्ति से अर्जित आय पर कर कटौती की सीमा को मौजूदा 2.4 लाख रुपये वार्षिक से बढ़ाकर छह लाख रुपये करने का शनिवार को प्रस्ताव रखा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश करते हुए किराये पर टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) की वार्षिक सीमा बढ़ाने की घोषणा की। उन्होंने कहा, ''मैं कटौती की दरों और सीमाओं को घटाकर टीडीएस को तर्कसंगत बनाने का प्रस्ताव करती हूं। इसके साथ बेहतर स्पष्टता और एकरूपता के लिए कर कटौती की सीमा राशि भी बढ़ाई जाएगी।''



### बजट में शिक्षा: एआई पर बढ़ावा, पांच नये आईआईटी में बुनियादी ढांचे का विस्तार



सरकार द्वारा 2025-26 के बजट में शिक्षा क्षेत्र के लिए की गई बड़ी घोषणाओं में पांच नये भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में 6,500 और छात्रों की शिक्षा के लिए बुनियादी ढांचे का विस्तार, मेडिकल की 10,000 नयी सीट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता को बढ़ावा देना शामिल है। केंद्रीय बजट 2025-26 में शिक्षा मंत्रालय को 1.28 लाख करोड़ रुपये से अधिक आवंटित किया गया है, जो 2024-25 के संशोधित अनुमान 1.14 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। उन्होंने घोषणा की कि सरकार पांच भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में अतिरिक्त बुनियादी ढांचे का निर्माण करेगी और आईआईटी पटना का विस्तार करेगी। आईआईटी पटना के विस्तार की घोषणा ऐसे समय की गई है जब बिहार विधानसभा चुनाव इस साल के अंत में होने की संभावना है। उन्होंने कहा, ''मैंने 2023 में कृषि, टिकाऊ शहरों और स्वास्थ्य के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) में उत्कृष्टता के तीन केंद्रों की घोषणा की थी। अब 500 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ शिक्षा के लिए एआई में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाएगा।''

### रेलवे को 2.52 लाख करोड़ रुपये का आवंटन



सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए रेलवे को 2.52 लाख करोड़ रुपये के बजट आवंटन को मंजूरी दी है। यह 2024-25 में आवंटित की गई राशि के लगभग बराबर है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार संसद में आम बजट पेश किया। इसके अनुसार, रेलवे ने यात्रियों, माल और अन्य मदों से अधिक राजस्व का लक्ष्य रखा है। बजट प्रस्तावों के अनुसार, ''बजट 2025-26 में पूंजीगत व्यय के लिए दिए गए कुल परिव्यय 2,65,200 करोड़ रुपये में सामान्य राजस्व से 2,52,000 करोड़ रुपये, निर्भया फंड से 200 करोड़ रुपये, आंतरिक संसाधन से 3,000 करोड़ रुपये और अतिरिक्त बजटीय संसाधनों से 10,000 करोड़ रुपये शामिल हैं।'' इसमें कहा गया, ''यात्री, माल, अन्य कोचिंग, अन्य विविध मदों और रेलवे भर्ती बोर्ड आदि से राजस्व सहित रेलवे की कुल प्राप्ति 2025-26 के बजट अनुमान में 3,02,100 करोड़ है। वित्त वर्ष 2024-25 के संशोधित अनुमान में यह 2,79,000 करोड़ रुपये थी।'' बजट दस्तावेज में 2024-25 में यात्री और माल ढुलाई सेवाओं, दोनों से आय में वृद्धि दिखाई गई है। उदाहरण के लिए, यात्री सेवाओं से प्राप्तियों के लिए 2024-25 के संशोधित अनुमान में 80,000 करोड़ रुपये दिखाए गए हैं, जबकि 2023-24 में इस मद के लिए वास्तविक राजस्व 70,693 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2024-25 के संशोधित अनुमान में माल ढुलाई से आय 1,80,000 करोड़ रुपये रही, जबकि 2023-24 में वास्तविक राजस्व 1,68,199 करोड़ रुपये था। रेलवे ने एक बयान में कहा कि यात्री राजस्व लक्ष्य 13.2 प्रतिशत वृद्धि के साथ 80,000 करोड़ रुपये रखा गया है। माल राजस्व लक्ष्य 1,80,000 करोड़ रुपये पर बनाए रखा गया है, जो 2023-24 की तुलना में सात प्रतिशत अधिक है।

### असम में यूरिया प्लांट, किसान क्रेडिट कार्ड पर पांच लाख तक का लोन



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में कृषि क्षेत्र के लिए बड़े एलान किए। वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, दलहन में आत्मनिर्भरता, बिहार में मखाना बोर्ड बनाने और असम में यूरिया प्लांट खोलने का एलान किया गया है। इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट को 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया गया है।केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत ऐसे 100 जिलों को चुना जाएगा, जहां पर कृषि उत्पादकता कम है। इससे वहां पर उत्पादकता बढ़ाने, खेती में विविधता लाने, सिंचाई और उपज के बाद भंडारण की क्षमता मजबूत करने में मदद मिलेगी। इस योजना से 1.7 करोड़ किसानों को लाभ होगा। इसके दायरे में सभी तरह के किसान आएंगे। कृषि के अच्छे तरीकों को अपनाने पर जोर दिया जाएगा। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि दलहन में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देंगे। इसके लिए खाद्य तेलों के उत्पादन पर ध्यान दिया जाएगा। तुअर, उड़द और मसूर दाल के लिए सरकार छह वर्ष का मिशन शुरू करेगी ताकि दलहन में आत्मनिर्भरता हासिल की जा सके। नैफेड और एनसीसीएफ तीन तरह की दालों की खरीद करेगी। इन एजेंसियों में पंजीकृत किसानों से दालें खरीदी जाएंगी। सब्जी, फल और पोषण पर ध्यान दिया जाएगा। श्रीअन्न और फलों की मांग बढ़ती जा रही है। इसके लिए राज्यों के साथ मिलकर एक योजना शुरू की जाएगी। इसमें कृषि उपज संगठनों को लाभ मिलेगा। इसके अलावा बिहार में मखाना बोर्ड बनेगा।

### 6.81 लाख करोड़ रुपये के रक्षा बजट का एलान, पिछले साल के मुकाबले मामूली बढ़ोतरी



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का दूसरा बजट पेश कर दिया है।। बजट 2025 में रक्षा मद में 6.81 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। पिछले बजट के मुकाबले इसमें मामूली बढ़ोतरी हुई है। शनिवार को घोषित बजट में वित्त मंत्री ने 6,81,210 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। पिछले साल यह आंकड़ा 6,21,940 करोड़ रुपये था। बजट में कुल रक्षा पूंजीगत व्यय 1,92,387 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है। इसमें राजस्व व्यय 4,88,822 करोड़ रुपये रखा गया है, जिसमें पेंशन के लिए 1,60,795 करोड़ रुपये शामिल हैं। पूंजीगत व्यय के तहत, विमान और एयरो इंजन के लिए 48,614 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं, जबकि नौसेना बेड़े के लिए 24,390 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। अन्य उपकरणों की खरीद के लिए 63,099 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की गई है।

## सभी जिला अस्पतालों में डे केयर कैंसर केंद्रों की स्थापना करेगी सरकार



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को घोषणा की कि सरकार अगले तीन वर्षों में सभी जिला अस्पतालों में 'डे केयर' कैंसर केंद्रों की स्थापना की सुविधा प्रदान करेगी और इनमें से 200 इसी वित्त वर्ष 2025-26 में स्थापित किए जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्रालय को 2025-2026 के बजट में 99,858.56 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो 2024-2025 के बजट (संशोधित अनुमान) के 89,974.12 करोड़ रुपये से लगभग 11 प्रतिशत अधिक है। सीतारमण ने 2025-26 का आम बजट पेश करते हुए कहा कि अगले पांच वर्षों में 75,000 सीटें जोड़ने के लक्ष्य की दिशा में अगले साल मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में 10,000 अतिरिक्त सीटें जोड़ी जाएंगी। उन्होंने घोषणा की कि 'गिग वर्कर्स' को पीएम जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) के तहत स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी और इससे लगभग 1 करोड़ श्रमिकों को लाभ मिलने की संभावना है। गिग वर्कर्स उन श्रमिकों को कहा जाता है जिनका काम अस्थायी होता है। दूसरे शब्दों में कहें तो ये किसी काम को अस्थायी तौर पर करते हैं और फिर बेहतर अवसर मिलने पर ये अपने काम को बदल लेते हैं। स्विगी, जोमैटो, उबर जैसे ऐप के जरिये सामान पहुंचाने वाले 'वर्कर्स' इसका उदाहरण हैं। सीतारमण ने कहा कि सरकार अगले तीन साल में सभी जिला अस्पतालों में 'डे केयर' कैंसर केंद्र स्थापित करेगी।

## केंद्रीय बजट में बिहार की झोली भर दी और बंगाल के लिए कुछ नहीं : अभिषेक बनर्जी

**नई दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को दावा किया कि केंद्रीय बजट 2025-26 में पश्चिम बंगाल के लिए कुछ भी नहीं है। संसद में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बजट पेश किये जाने के बाद दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि बिहार के लिए कई घोषणाएं की गई हैं क्योंकि वहां इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि केंद्रीय बजट में पश्चिम बंगाल के लिए कुछ भी नहीं है। भाजपा के शासनकाल के दौरान अतीत की तरह, इस बजट में भी राज्य के लिए पर्याप्त आवंटन नहीं किया गया है। हमारे (टीएमसी) सांसद मुखर रहे हैं और उन्होंने केंद्रीय परियोजनाओं के लिए धन के आवंटन में वृद्धि की मांग की है। हमने पश्चिम बंगाल के लिए नयी परियोजनाओं की मांग की है, लेकिन राज्य वंचित है। तृणमूल सांसद



बनर्जी ने पश्चिम बंगाल के 12 भाजपा सांसदों पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने राज्य और उसके लोगों की आर्थिक मदद करने के लिए कुछ नहीं किया। बजट में प्रस्तावित आयकर छूट के बारे में पूछे जाने पर, तृणमूल नेता ने कहा कि इस पर बोलने से पहले मुझे बजट की सामग्री को पढ़ना होगा। बाद में, अभिषेक बनर्जी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि राजग सरकार ने एक बार फिर लोगों के प्रति अपनी घोर उपेक्षा को उजागर किया है, जिसमें कल्याणवाद नहीं, बल्कि राजनीतिक अवसरवाद की बू आती है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह जन-केंद्रित बजट नहीं है - यह भाजपा की चुनावी मशीनरी का समर्थन करने और उसके सहयोगियों को खुश करने के लिए तैयार किया गया एक चुनावी हथकंडा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल के लिए यह बजट आर्थिक विश्वासघात से कम नहीं है। राज्य के लिए एक भी सार्थक वित्तीय आवंटन नहीं किया गया है। यह बंगाल के विकास और वृद्धि को रोकने के लिए एक सुनियोजित कदम है। बंगाल से भाजपा के 12 सांसद होने के बावजूद, इस पर उनकी चुप्पी इस अन्याय में उनकी मिलीभगत को दर्शाती है। अभिषेक ने कहा कि संदेश स्पष्ट है: राजग सरकार को लोगों की परवाह नहीं है, उसे केवल सत्ता की परवाह है। यह 'बांग्ला-विरोधी' बजट एक और अनुस्मारक है कि भाजपा के लिए बंगाल केवल एक राजनीतिक युद्ध के मैदान के रूप में मौजूद है, न कि अपने उचित हक का हकदार राज्य के रूप में। बंगाल के लोग भूलेंगे नहीं। बंगाल के लोग माफ नहीं करेंगे।

### क्या हुआ सस्ता?

36 कैंसर दवाएं
मेडिकल उपकरण
एलईडी सस्ती
भारत में बने कपड़े
मोबाइल फोन बैंटरी
82 सामानों से सेस हटा,
लेदर जेंकेट
जूते, बेल्ट, पर्स
ईवी वाहन, एलसीडी
एलईडी टीवी
हैंडलूम कपड़े

### क्या हुआ महंगा?

फ्लैट पैनल डिस्प्ले
टीवी डिस्प्ले
फैंबरिक

### बजट के दिन भारी उतार-चढ़ाव के बीच सेंसेक्स, निफ्टी स्थिर रुख के साथ बंद

आम बजट के दिन शनिवार को आयोजित विशेष कारोबारी सत्र में स्थानीय शेयर बाजार काफी उतार-चढ़ाव के बीच स्थिर बंद हुए। सेंसेक्स में 5.39 अंक की मामूली बढ़त रही, जबकि निफ्टी में 26.25 अंक की गिरावट आई।

### एससी-एसटी महिला उद्यमियों के लिए नई योजना, पांच वर्षों में 2 करोड़ रुपये तक का टर्म लोन मिलेगा

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को लोकसभा में बजट पेश किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार पहली बार उद्यम शुरू करने वाली पांच लाख महिलाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों के लिए दो करोड़ रुपये का ऋण शुरू करेगी। भारतीय अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी में बीते कुछ वर्षों में बड़ा इजाफा हुआ है। हालांकि महिला उद्यमियों के लिए लोन योजना के अलावा महिला वर्ग के लिए कोई खास बड़े एलान नहीं किए गए हैं।

## यह जनता का बजट, हर भारतीय के सपनों को पूरा करेगा : मोदी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम बजट को 'ऐतिहासिक' करार देते हुए कहा कि ये हर भारतीय के सपनों को पूरा करेगा, 'विकसित भारत' के मिशन को आगे ले जाएगा और साथ ही विकास, निवेश और उपभोग को कई गुणा बढ़ाएगा। उन्होंने वित्त मंत्री और उनकी टीम को 'जनता का बजट' पेश करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह लोगों के हाथों में अधिक पैसा देने वाला बजट है। उन्होंने कहा, ''आज भारत की विकास यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। ये 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं का बजट है, ये हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। हमने कई क्षेत्र युवाओं के लिए खोल दिए हैं। ये विकसित भारत के मिशन को आगे ले जाने वाला है, ये बजट फोर्स मल्टीप्लायर है।'' उन्होंने कहा, ''यह बजट बचत, निवेश और उपभोग को बढ़ाएगा और साथ ही विकास को भी तेज़ी से बढ़ाएगा।'' परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में बजट घोषणाओं का उल्लेख करते हुए मोदी ने इसे ऐतिहासिक बताया और कहा कि यह आने वाले समय में असैन्य परमाणु ऊर्जा में बहुत बड़ा योगदान देगा।

## सरकार का भारत को दुनिया का खिलौना केंद्र बनाने का लक्ष्य, योजना लाएगी

केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में शनिवार को क्लस्टर विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत को खिलौनों का वैश्विक केंद्र बनाने की योजना की घोषणा की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा कि यह योजना क्लस्टर, कौशल और एक विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करेगी जो उच्च गुणवत्ता वाले, अद्वितीय, अभिनव और टिकाऊ खिलौने बनाएगी जो 'मेड इन इंडिया' ब्रांड का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा, ''खिलौनों के लिए राष्ट्रीय कार्ययोजना पर निर्माण करते हुए हम भारत को खिलौनों का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए एक योजना लागू करेंगे।''

## स्टार्टअप के लिए 10000 करोड़ की फंड ऑफ फंड्स योजना का एलान

सरकार ने बजट में युवाओं को ध्यान में रखते हुए स्टार्टअप्स के लिए ऋण सीमा को 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपये किया गया है। साथ ही 27 फोकस क्षेत्रों में ऋण गारंटी को घटाकर एक प्रतिशत कर दिया गया है। सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए ऋण सीमा को 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये किया गया है। साथ ही उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत सूक्ष्म उद्यमों के लिए पांच लाख रुपये की सीमा वाले कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड शुरू किए जाएंगे। पहले वर्ष में ऐसे 10 लाख कार्ड जारी किए जाएंगे। फंड ऑफ फंड्स का एलान किया है। सरकार ने फंड ऑफ फंड्स की स्थापना की है, जिसके तहत सरकार स्टार्टअप्स के लिए 10 हजार करोड़ की मदद देगी।

## एमएसएमई के लिए बड़ा ऐलान, लोन 5 करोड़ से बढ़ाकर किया 10 करोड़

कर्ज तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए, सरकार ने सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी कवर भी बढ़ाया है। अब कवरेज 5 करोड़ रुपये से बढ़कर 10 करोड़ रुपये हो जाएगा, जिससे अगले 5 वर्षों में 1.5 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त ऋण मिलेगा। इससे छोटे व्यवसायों को वित्तीय बाधाओं के बिना अपने ऑपरेटर के विस्तार करने में सहायता मिलेगी। एमएसएमई निवेश सीमा 2.5 गुना बढ़ाई जाएगी, जबकि टर्नओवर सीमा 2 गुना बढ़ाई जाएगी। इस कदम का उद्देश्य व्यवसायों को आगे बढ़ाने, बेहतर तकनीक अपनाने और पूंजी तक पहुंच में सुधार करने में मदद करना है।





## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 2 फरवरी, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, माघ शुक्लपक्ष चतुर्थी, 09:15 तक, नक्षत्र : उत्तरभाद्रपदा, 24:44 तक, योग : शिव, 09:08 तक, सूर्योदय: 6:16, सूर्यास्त: 17:25 चन्द्रोदय : 08:49, चन्द्रास्त: 21:21, शक सम्वत: 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : मीन, राहू काल : 15:58 से 17:21

## साप्ताहिक : राशिफल
## 02-02-25 से 08-02-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** मेष राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अत्यंत ही शुभ, फलदायक एवं उपलब्धिप्रद बन रहा है। फरवरी महीने का पहला सप्ताह आपके लिए बड़े बदलाव का कारक भी बन सकता है। सौभाग्य का पूरा साथ मिलने के कारण आपको इस सप्ताह जीवन में आगे बढ़ने के लिए अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। आपके सभी प्रयास और मेहनत का सकारात्मक नतीजा निकलेगा। सप्ताह के पूर्वार्ध में कोई बहुप्रतीक्षित मनोकामना पूरा होने से घर-परिवार में हर्ष का माहौल रहेगा। इस पूरे सप्ताह आपका उत्साह एवं पराक्रम बढ़ा-चढ़ा रहेगा।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** वृष राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह थोड़ा उतार-चढ़ाव लिए रह सकता है। इस सप्ताह आपको घर और बाहर दोनों जगह अपने काम को बड़ी सावधानी के साथ करने की आवश्यकता बनी रहेगी। कार्यक्षेत्र में अपने विरोधियों से सतर्क रहें और किसी के साथ उलझने की बजाय अपने लक्ष्य पर फोकस करना उचित रहेगा। इस सप्ताह स्वजनों और सीनियर से मनचाहा सपोर्ट न मिलने के कारण आपका मन थोड़ा खिन्न रहेगा। सप्ताह का पूवार्ध न सिर्फ रोजी-रोजगार बल्कि कारोबार की दृष्टि से निराशाजनक साबित हो सकता है।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** मिथुन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिश्रित फलदायी है। सप्ताह की शुरुआत में आपको जीवन से जुड़ी कुछ प्रतिकूल परिस्थितियों से गुजरना पड़ सकता है। इस दौरान आपके सोचे हुए कार्यों में अनेकों प्रकार की बाधाएं आ सकती हैं। आत्मीय लोगों से अपेक्षित मदद न मिल पाने के कारण मन खिन्न रहेगा। ऐसे में आपको इस सप्ताह कुछेक अनचाही स्थिति से भी गुजरना पड़ सकता है। आपके भीतर कार्यों को टालने की प्रवृत्ति बढ़ सकती है। आगे बढ़कर कार्य करने की प्रवृत्ति में भी कमी देखी जा सकती है।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** कर्क राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह थोड़ी आपाधापी भरा रहने वाला है। इस सप्ताह सोचे हुए कार्यों में सफलता और उसे समय पर पूरा करने के लिए आपको अधिक परिश्रम और प्रयास करना होगा। सप्ताह की शुरुआत में आपको रोजी-रोजगार में अचानक से आई कुछे दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। इस दौरान नौकरीपेशा लोगों पर काम का अधिक दबाव बना रहेगा। बीते कुछ समय से चली आ रही समस्याएं इस सप्ताह आपकी चिंता का कारण बनी रहेंगी।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** सिंह राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह गुडलक लिए हुए है। इस सप्ताह आप अपने कामकाज में अनकूलता पाएंगे। घर और बाहर दोनों जगह आपको लोगों से भरपूर स्नेह, सहयोग और समर्थन मिलेगा। बीते कुछ समय से जो आपके भीतर आलस्य अथवा शारीरिक थकान बनी हुई थी वो इस सप्ताह दूर होगी। सभी कार्य समय पर मनचाहे तरीके से पूरे होने पर आपके भीतर सकारात्मक सोच बढ़ेगी। आपके भीतर आगे बढ़ने की प्रवृत्ति बनी रहेगी। इस दौरान आप पर सीनियर और जूनियर दोनों मेहरबान रहेंगे।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** कन्या राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सभी अधूरे कार्यों को पूरा करने तथा मनचाहा लाभ दिलाने वाला साबित होगा। सप्ताह की शुरुआत में आपको कोई शुभ समाचार मिल सकता है। इस हफ्ते नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में अनुकूलता बनी रहेगी। आप पर सीनियर की पूरी कृपा बरसेगी और उनके साथ आपके साथ संबंध बेहतर बने रहेंगे। सौभाग्य भाग्य का अपेक्षित सहयोग प्राप्त होने से आपके कार्यों में आ रही अड़चनें स्वत: दूर होती हुई नजर आएंगी। आपके गुणों में वृद्धि होगी तथा उसके बल पर मनचाही सफलता और लाभ प्राप्त कर पाएंगे।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** तुला राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह पूरी तरह से शुभता और सफलता लिए हुए है। इस सप्ताह आपको अपने कार्य में मनचाही सफलता और लाभ की प्राप्ति संभव है। सप्ताह की शुरुआत में आपको कामकाज के सिलसिले में लंबी दूरी की यात्रा करनी पड़ सकती है। यात्रा सुखद एवं लाभप्रद साबित होगी। इस दौरान आपको घर और बाहर दोनों जगह स्वजनों और शुभचिंतकों का सहयोग और समर्थन मिलता हुआ नजर आएगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए सप्ताह के मध्य का समय अत्यंत ही शुभ रहने वाला है।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** वृश्चिक राशि के जातकों को इस सप्ताह सावधानी हटी दुर्घटना घटी का स्लोगन हर समय याद रखना होगा। इस सप्ताह यदि आप अपने कामकाज में अथवा वाहन चलाते समय लापरवाही बरतते हैं तो आपको बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। वृश्चिक राशि के जातकों को इस सप्ताह आलस्य और अभिमान से बचते हुए हाथ आए अवसर का पूरा लाभ उठाना चाहिए अन्यथा बाद में उन्हें पछतावा करना पड़ सकता है। बाजार में फंसे धन को निकालने में भी कठिनाई का अनुभव होगा।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** धनु राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह शुभता और सौभाग्य को साथ लिए हुए है। इस सप्ताह आपके द्वारा करियर-कारोबार अथवा किसी कार्य विशेष के लिए किया गया प्रयास सफल साबित होगा। सप्ताह की शुरुआत से आपको कारोबार में खासा लाभ मिलता हुआ नजर आएगा। वित्तीय दृष्टि से पूरा सप्ताह ही आपके लिए अनुकूल फलप्रद रहना चाहिए। इस सप्ताह आपकी लंबे समय से चली आ रही आर्थिक समस्याओं का समाधान निकल आएगा। पूर्व में लिए गये लोन या उधार को लौटाने में आप कामयाब होंगे। भूमि-भवन आदि से संबंधित विवाद दूर होंगे।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** मकर राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह गुडलक लिए हुए है। इस सप्ताह आपकी किस्मत के सितारे चमकते हुए नजर आएंगे। आप जिस क्षेत्र में भी प्रयास और परिश्रम करेंगे आपको उस क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। करियर-कारोबार की दृष्टि से इस पूरे सप्ताह आपको अनुकूलता बनी रहेगी। यदि आप बेरोजगार चल रहे थे तो आपको इस सप्ताह कोई अच्छा अवसर प्राप्त हो सकता है। वहीं पहले से कार्यरत लोगों का कार्यक्षेत्र में कद एवं पद बढ़ सकता है।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** कुंभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह बीते हफ्ते के मुकाबले कहीं ज्यादा शुभता और लाभ लिए हुए है। इस सप्ताह आपको सौभाग्य का पूरा साथ मिलेगा। घर और बाहर दोनों जगह आपके शुभचिंतक आप पर मेहरबान रहेंगे। सप्ताह के पूर्वार्ध में कुछेक घरेलू समस्याओं के चलते आपका मन चिंतित रह सकता है लेकिन आप अपनी बुद्धि और विवेक से उन समस्याओं का समाधान अंतत: खोजने में कामयाब हो जाएंगे। इस दौरान करियर-कारोबार अनुकूलता बनी रहेगी।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** मीन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अत्यंत ही शुभ रहने वाला है। यदि आप बीते कुछ समय से किन्हीं कारणों के चलते अपने लक्ष्य से भटक गये थे तो इस सप्ताह आप एक बार फिर पूरे मनोयोग से उसे हासिल करने का प्रयास करते हुए नजर आएंगे। खास बात ये कि ऐसा करते समय आपको अपने शुभचिंतकों का पूरा सहयोग और समर्थन प्राप्त होगा। करियर-कारोबार की दृष्टि से यह पूरा सप्ताह आपके लिए शुभ साबित होने जा रहा है। कार्यक्षेत्र में विरोधियों की चाल नाकाम होगी और आपका कद और पद बढ़ेगा।

# बिहार को सौगात : मखाना बोर्ड से लेकर फूड टेक्नोलॉजी संस्थान तक

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से शनिवार को आम बजट पेश किया। आम बजट में बिहार को खासा तवज्जो दी गई है। इसमें मखाना बोर्ड की स्थापना, पश्चिमी कोसी नहर के लिए वित्तीय सहायता और आईआईटी पटना की क्षमता में विस्तार सहित कई बड़े एलान शामिल हैं। यह एलान इसलिए भी अहम हैं, क्योंकि बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। मौजूदा वक्त में बिहार में जनता दल (यूनाईटेड) और भाजपा के गठबंधन वाली सरकार है। लोकसभा में इस वित्त वर्ष का आम बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने यह भी घोषणा की कि केंद्र, भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए राज्य में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों के निर्माण के अलावा बिहार में एक राष्ट्रीय खाद्य



प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान भी स्थापित करेगा। पहले संक्षिप्त में जानते हैं बिहार के लिए किए गए बड़े एलान...

**ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट**

बिहार में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट विकसित किए जाएंगे। पटना एयरपोर्ट को विस्तार दिया जाएगा। पश्चिमी कोशी नहर परियोजना: बिहार के मिथिलांचल में पश्चिमी कोशी नहर परियोजना शुरू की जाएगी। इसके दायरे में 50 हजार हेक्टेयर का क्षेत्र आएगा।

**मखाना बोर्ड का गठन**

मखाना बोर्ड के गठन की घोषणा करते हुए सीतारमण ने कहा कि बिहार के लोगों के लिए एक विशेष अवसर है। प्रदेश में मखाने के उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्यवर्धन और विपणन में सुधार के लिए मखाना बोर्ड की स्थापना की जाएगी। इन गतिविधियों में लगे लोगों को एफपीओ (किसान उत्पादक संगठन) में संगठित किया जाएगा, जो मखाना किसानों को समर्थन और प्रशिक्षण सहायता प्रदान करेगा। एफपीओ यह सुनिश्चित करने के लिए भी काम करेंगे कि उन्हें सभी प्रासंगिक सरकारी योजनाओं का लाभ मिले।

**राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान**

सीतारमण ने कहा कि 'पूर्वोदय' के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप, सरकार बिहार में एक राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान की स्थापना करेगी। पूर्वोदय योजना के तहत, सरकार बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश को शामिल करते हुए पूर्वी क्षेत्र के राज्यों का सर्वांगीण विकास कर रही है। संस्थान पूरे पूर्वी क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण गतिविधियों को एक मजबूत प्रोत्साहन प्रदान करेगा। इससे किसानों के लिए उनकी उपज के मूल्य संवर्धन और युवाओं के लिए कौशल, उद्यमिता और रोजगार के अवसरों के माध्यम से आय में वृद्धि होगी।

**पश्चिमी कोसी नहर परियोजना**

वित्त मंत्री ने बिहार के मिथिलांचल क्षेत्र में पश्चिमी कोसी नहर परियोजना के लिए समर्थन की भी घोषणा की। उन्होंने कहा, 'पश्चिमी कोसी नहर ईआरएम परियोजना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, जिससे बिहार के मिथिलांचल क्षेत्र में 50,000 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर बड़ी संख्या में खेती करने वाले किसानों को लाभ होगा।'

**आईआईटी पटना को लेकर भी बड़ा एलान**

इसके अलावा उन्होंने आईआईटी पटना में छात्रावास और एक अन्य बुनियादी ढांचा क्षमता के विस्तार की भी घोषणा की।

**बिहार में मखाना बोर्ड**

बिहार के लोगों के लिए यह विशेष अवसर है ताकि वे मखाना का उत्पादन और उसके प्रसंस्करण को बढ़ावा दे सकें। मखाना बोर्ड इसमें किसानों की मदद करेगा।

## वक्फ संशोधन विधेयक पर गठित जेपीसी की रिपोर्ट सोमवार को लोकसभा में पेश होगी

**नयी दिल्ली :** वक्फ (संशोधन) विधेयक की समीक्षा के लिए गठित संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट सोमवार को लोकसभा में पेश की जाएगी। लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी बुलेटिन में कहा गया है कि समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल और सदस्य संजय जायसवाल सोमवार को लोकसभा में रिपोर्ट पेश करेंगे। समिति ने बृहस्पतिवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को रिपोर्ट सौंप दी थी। समिति ने बुधवार को बहुमत से रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया था, जिसमें सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के सदस्यों द्वारा सुझाए गए संशोधन शामिल किये गए थे। जिसके बाद विपक्ष ने इस प्रक्रिया को वक्फ बोर्डों को नष्ट करने का प्रयास करार दिया। वक्फ (संशोधन) विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति ने मसौदा कानून पर रिपोर्ट को 15-11 बहुमत से अपनाया।

## मोदी की संभावित अमेरिका यात्रा से पहले भारत ने परमाणु दायित्व कानून में संशोधन की घोषणा की

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संभावित अमेरिका यात्रा से पहले, भारत ने शनिवार को अपने परमाणु दायित्व कानून में संशोधन करने और परमाणु ऊर्जा मिशन स्थापित करने संबंधी योजना की घोषणा की। वाशिंगटन द्वारा असैन्य परमाणु क्षेत्र में भारत-अमेरिका सहयोग के लिए नये आयाम खोलने के उद्देश्य से तीन भारतीय परमाणु संस्थानों पर प्रतिबंध हटाने के दो सप्ताह के अंदर नयी दिल्ली ने परमाणु दायित्व कानून में संशोधन करने के अपने निर्णय की घोषणा की।

## महाकुंभ भगदड़ में मारे गए 30 लोगों में से 11 बिहार के थे: मुख्यमंत्री कार्यालय

**पटना :** प्रयागराज महाकुंभ में इस सप्ताह की शुरुआत में मची भगदड़ में मारे गए लोगों में बिहार के कुल 11 लोग शामिल हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने एक बयान में कहा कि मृतकों में से चार गोपालगंज, दो औरंगाबाद और एक-एक पटना, मुजफ्फरपुर, सुपौल, बांका तथा पश्चिमी चंपारण जिले के निवासी थे। सीएमओ ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। इसने कहा कि भगदड़ में घायल हुए राज्य के प्रत्येक व्यक्ति को मुख्यमंत्री राहत कोष से पचास-पचास हजार रुपये की सहायता दी जाएगी। प्रयागराज में बुधवार को मौनी अमावस्या पर स्नान के लिए उमड़े लोगों के हुजूम के दौरान संगम क्षेत्र में मची भगदड़ में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई और 60 अन्य घायल हो गए।

## बिहार के मुजफ्फरपुर में एक गाड़ी पलटी, महाकुंभ से लौट रहे पांच नेपाली श्रद्धालुओं की मौत

**मुजफ्फरपुर :** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में शनिवार को एक सड़क हादसे में महाकुंभ से लौट रहे नेपाल के पांच लोगों की मौत हो गयी जिनमें तीन महिलाएं थीं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त विनीता सिन्हा ने बताया कि मुजफ्फरपुर जिले में यह हादसा तब हुआ जब तेज रफ्तार से जा रही उनकी गाड़ी पलट गयी। उन्होंने कहा, 'चश्मदीदों के अनुसार चालक ने एक मोटरसाइकिल को बचाने की कोशिश में गाड़ी को काफी तेजी से मोड़ा। हादसे में जान गंवाने वाले सभी नेपाल के महोत्तरी जिले के रहने वाले थे।'

## छत्तीसगढ़ : बीजापुर में मुठभेड़, सुरक्षाबलों ने आठ माओवादियों को मार गिराया

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने शनिवार को मुठभेड़ में आठ माओवादियों को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से इंसास राइफल और बीजीएल (बैरल ग्रेनेड लॉन्चर) समेत कई हथियार बरामद किए गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, शुक्रवार को गंगालूर में माओवादियों के पश्चिम बस्तर डिवीजन के सशस्त्र माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कोबरा बटालियन के दल को माओवादी विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया। अधिकारियों के अनुसार, माओवादियों ने शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे सुरक्षाबलों के संयुक्त दल पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि माओवादी विरोधी अभियान के दौरान सुबह से लेकर दोपहर बाद तक सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच रुक-रुककर कई बार गोलीबारी हुई। अधिकारियों के मुताबिक, मुठभेड़ के बाद जब घटनास्थल की तलाशी ली गई, तब वहां से आठ नक्सलियों के शव और इंसास राइफल व बीजीएल समेत कई हथियार बरामद किए गए। अधिकारियों ने कहा कि मुठभेड़ में कई और माओवादियों के मारे जाने और घायल होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में तलाश अभियान जारी है।

## निर्मला सीतारमण का मेरी ओर से उपहार दी गई साड़ी पहनना 'सपना सच होने जैसा' : दुलारी देवी

**पटना :** पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित कलाकार दुलारी देवी के मुताबिक वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा शनिवार को बजट पेश करते समय उनके द्वारा उपहार में दी गई मधुबनी चित्रशैली वाली साड़ी पहनना 'सपना सच होने' जैसा है। सीतारमण ने बजट पेश करते समय मछली की आकृति वाली कढ़ाई और सुनहरी किनारी वाली हल्के सफेद रंग की हथकरघा से बनी रेशम की साड़ी पहनी थी। बिहार की प्रसिद्ध मधुबनी कलाकार देवी ने फोन पर 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'सीतारमण जी ने दो महीने पहले मेरे द्वारा उपहार में दी गई साड़ी पहनकर मधुबनी कला को एक बड़ा सम्मान दिया है। दो महीने पहले मधुबनी में मिथिला कला संस्थान में आयोजित ऋण वितरण कार्यक्रम में उन्हें यह साड़ी भेंट करते हुए अनुरोध किया था कि वे इसे बजट के दिन पहनें। उन्होंने मेरा अनुरोध स्वीकार कर लिया... यह मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है।' देवी ने बताया कि साड़ी तैयार करने में एक महीने से अधिक का समय लगा। मधुबनी जिले के रांटी गांव की निवासी देवी को कला में उनके योगदान के लिए 2021 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। देवी मधुबनी चित्रशैली की 'कछनी' (रेखाचित्र) और 'भरनी' (रंगीन) दोनों शैलियों में पारंगत हैं। विशेषज्ञों ने उनके काम को 'सामुदायिक परंपराओं को आधुनिक विषयों के साथ जोड़ने' के रूप में वर्णित किया है।

## महाकुंभ भगदड़ मामला : ममता सरकार ने राज्य के तीर्थयात्रियों के लिए 'हेल्पडेस्क' किया स्थापित

**कोलकाता, समाज्ञा :** महाकुंभ में हुई भगदड़ में राज्य के कम से कम चार लोगों की मौत हो जाने और कई अन्य के लापता हो जाने के बाद ममता बनर्जी सरकार ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में स्नान के लिए पहुंचे अपने राज्य के लोगों के लिए शनिवार को एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि राज्य आपदा प्रबंधन और 'सिविल डिफेंस' द्वारा एक नियंत्रण कक्ष के माध्यम से संचालित 'हेल्पडेस्क' की स्थापना लोगों को किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में सातें दिन 24 घंटे सहायता प्रदान करने के लिए की गई है। उन्होंने बताया कि महाकुंभ मेले में राज्य से बड़ी संख्या में तीर्थयात्री जा रहे हैं। उनकी सहायता के लिए तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन एवं 'सिविल डिफेंस' ने हेल्पलाइन नंबर (033) 2214-3526 तथा टोल-फ्री नंबर 1070 के साथ 247 नियंत्रण कक्ष की शुरुआत की है।

## गाजियाबाद में पांच दर्जन से अधिक रसोई गैस सिलेंडर फटे, मची अफरा-तफरी

**गाजियाबाद (उप्र) :** गाजियाबाद जिले के लोनी क्षेत्र में शनिवार तड़के एक ट्रक में आग लगने से उसमें रखे 60 से ज्यादा रसोई गैस सिलेंडर में एक के बाद एक जोरदार विस्फोट हुए। दमकल विभाग ने यह जानकारी दी। इस घटना से इलाके में दहशत और अफरा-तफरी फैल गई और लोग अपने-अपने घरों से निकलकर भागने लगे।

## बजट विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में मील का पत्थर साबित होगा : योगी



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने शनिवार को पेश आम बजट की सराहना की। योगी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने आज जो बजट पेश किया, वह विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने लिखा, प्रधानमंत्री ने इसे 'ज्ञान' का बजट बताकर महज चार अक्षरों में परिभाषित कर दिया। गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति को सशक्त करने से ही देश आत्मनिर्भर और विकसित बनेगा मुख्यमंत्री ने कहा, वंचितों को वरीयता और अंत्योदय को प्रमुखता देने तथा भारत को तेजी से 5,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प पथ पर ले जाने वाले इस बजट के लिए प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री सीतारमण का हार्दिक आभार!

## केंद्रीय बजट से बिहार के विकास को गति मिलेगी: नीतीश कुमार



**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पेश केंद्रीय बजट 2025-26 की सराहना करते हुए कहा कि यह 'सकारात्मक' है और इससे राज्य के विकास में तेजी लाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को भी धन्यवाद दिया। नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की प्रमुख घटक है। बिहार के मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा कि 'मखाना बोर्ड' की स्थापना के प्रस्ताव से मखाने की खेती को बढ़ावा मिलेगा, जिसके लिए राज्य दूर-दूर तक जाना जाता है।

## बजट में सिर्फ 'जुमलेबाजी', पुरानी घोषणाओं को नया बताकर किया जा रहा पेश: तेजस्वी



**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार केंद्रीय बजट में सिर्फ जुमलेबाजी' कर रही है तथा पहले की गई घोषणाओं को नया बताकर फिर से पेश कर रही है। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री यादव ने वैशाली जिले में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की राज्य के लिए अच्छा लाभ हासिल करने में कथित रूप से नाकाम रहने के लिए आलोचना की। कुमार की पार्टी जनता दल (यू) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अहम सहयोगी है। तेजस्वी ने कहा, तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू को ही देख लीजिए। उन्होंने आंध्र प्रदेश के लिए एक लाख करोड़ रुपये का लाभ सुनिश्चित किया है। आज पेश किए गए बजट में बिहार के लिए ऐसी किसी मदद के बारे में कुछ नहीं कहा गया है। हमें यह भी नहीं पता कि पिछले साल वादा किए गए 59,000 करोड़ रुपये कहां खर्च किए गए हैं।'

## केंद्र सरकार बजट के साथ महाकुंभ में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के आंकड़े भी दे : अखिलेश यादव



**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को पेश आम बजट को किसान, नौजवान और गरीब विरोधी बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार बजट के आंकड़े के साथ महाकुंभ में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के आंकड़े भी दे।वहीं, यादव ने महाकुंभ की व्यवस्था और खोया-पाया केन्द्र को सेना के हवाले करने की मांग करते हुए कहा कि भाजपा सरकार पर किसी को भरोसा नहीं है। अखिलेश ने एक बयान में कहा, ''इस सरकार के पास देश की जनता के लिए कोई दृष्टिकोण नहीं है। बजट किसान, नौजवान और गरीब विरोधी है। केंद्र सरकार बजट के आंकड़े के साथ महाकुंभ में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के आंकड़े भी दे।'' उन्होंने कहा, ''आज बजट के आंकड़ों से ज्यादा जरूरी महाकुंभ में हुई भगदड़ की घटना में मरने वाले, घायल होने वाले और लापता होने वाले लोगों का आंकड़ा है। सरकार इन आंकड़ों को क्यों छिपा रही है?''

# कभी कल्पना नहीं की थी कि भारतवर्ष में ऐसा आयोजन होगा : उपराष्ट्रपति धनखड़

**महाकुंभनगर :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने प्रयागराज महाकुंभ के भव्य आयोजन को लेकर शनिवार को कहा कि उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि भारतवर्ष में ऐसा आयोजन होगा। प्रयागराज में लेटे हुए हनुमान जी के दर्शन के बाद धनखड़ ने पत्रकारों से कहा, ऐतिहासिक! पृथ्वी पर आज तक इतनी बड़ी संख्या में लोगों का संगम नहीं हुआ। यहां की उत्कृष्ट व्यवस्था को लेकर मैं अभिभूत हूं। उन्होंने कहा, एक हादसा (मौनी अमावस्या पर भगदड़) हुआ। आप अंदाजा लगाइए कि कितनी त्वरित गति से हर मामले को संभाला गया। दुनिया यह जानकर अचंभित हो जाएगी कि अमेरिका की जितनी आबादी है, उतने लोगों का यहां आगमन हो चुका है। उपराष्ट्रपति ने



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संगम में डुबकी लगाई

कहा, मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को साधुवाद का पात्र मानता हूं कि उन्होंने जो आयोजन किया है, वह दुनिया के इतिहास में लिख गया है। मैं इसे अपने जीवन का सबसे सुखद पल मानता हूं। डुबकी लगाने पर मुझे एहसास हुआ कि दुनिया में भारत जैसा कोई देश नहीं है।

## वर्ग पहेली नं. 2993

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 | ■ |
| | ■ | 7 | | 8 | | | ■ | 9 | 10 |
| 11 | | | ■ | 12 | | ■ | 13 | ■ | |
| | ■ | 14 | | | ■ | 15 | | | |
| ■ | 16 | | ■ | 17 | 18 | ■ | | ■ | |
| 19 | | | 20 | ■ | 21 | 22 | | 23 | ■ |
| 24 | | ■ | 25 | 26 | | | ■ | 27 | 28 |
| | ■ | 29 | | | ■ | 30 | | ■ | |
| 31 | | | ■ | 32 | | | ■ | 33 | |

**बायें से दायें:-** 1) भारत का एक शहर, 4) संयोगवश, 7) तरुण; *टीन एजर*, 9) मन की कुलाँच; सहसा कल्पना, 11) दुस्साहस, 12) संहार; हत्या, 14) अंतरंग; तलस्थ; गंभीर, 15) अफ़ीम के सूखे बीज; पोस्त दाना, 16) बारुद गोला; *ग्रेनेड*, 17) दुनिया, 19) दावाग्नि, 21) विषाक्त, 24) डंडी *(फूल की)*, 25) जयपराजयहीन; एक साथ; समभार, 27) केशजूड़ा, 29) टीस, 30) बीमार, 31) घोषविक्रय; *औक्शन*, 32) सुरुचि; विवेक; शिष्टाचार, 33) अरोचक; बेस्वाद; धुँधला; स्वादहीन.

**ऊपर से नीचे:-** 1) असमर्थनीय; तर्कहीन; अनैतिक; अवैध; बुरा, 2) दुबारा आना, 3) ध्वनि, 4) अयोध्या, 5) घ्राणेंद्रिय, 6) बैठक, 8) दशरथ का राम; बड़ा पुत्र, 10) संपूर्णतः, 13) मज़ाक, 16) शोरशराबा, 18) अत्याचार; ईश्वरीय संकट, 19) गुज़रबसर, 20) अफ़वाहबाज़, 22) तीसों दिन, 23) अत्यधिक, 26) आराम, 28) खड़ाऊँ, 29) धुँधला; अल्पसंख्यक; अपर्याप्त; संक्षिप्त.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | सं | ग | त | ■ | प | ण | जी | ■ | ए |
| श्वा | ■ | ल | प | क | ना | ■ | त | नि | क |
| स | चे | त | ■ | म | ह | क | ■ | ■ | मा |
| घा | ■ | फ़ | रा | र | ■ | ले | श | मा | त्र |
| त | र | ह | ■ | ■ | प्र | जा | ■ | हि | ■ |
| ■ | स | मी | क | र | ण | ■ | का | र | ण |
| आ | ना | ■ | स | ■ | य | क़ी | न | ■ | ■ |
| ह | ■ | च | क | ला | ■ | म | न | चा | हा |
| त | र | क़ी | ■ | मा | रु | ती | ■ | रा | वी |

शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2953

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 6 | | | 2 | 3 | | |
| | | | 7 | | | | | |
| 4 | | | | | | | | |
| | | | | 1 | | | 7 | |
| | 5 | | | | | | | 2 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | 8 | | 4 | | | | | |
| | 7 | | 2 | | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 2952 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 5 | 8 | 3 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 9 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 1 | 9 | 8 | 4 | 3 |
| 7 | 6 | 4 | 1 | 2 | 3 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 1 | 2 |
| 5 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 | 4 |
| 2 | 5 | 6 | 9 | 7 | 4 | 3 | 8 | 1 |
| 3 | 4 | 7 | 2 | 8 | 1 | 9 | 6 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 5 | 6 | 4 | 2 | 7 |

# बीमा में 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति देने में षड्यंत्र की आशंका : अमित मित्रा



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री के प्रधान मुख्य सलाहकार अमित मित्रा ने शनिवार को केंद्र सरकार पर एक ऐसा बजट पेश करने के लिए निशाना साधा, जिसमें उनके अनुसार युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए कुछ भी नहीं है। अमित मित्रा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा शनिवार को संसद में पेश किए गए बजट को आम लोगों के लिए 'आपदा' बताया। वह अर्थशास्त्री और राज्य के पूर्व वित्त मंत्री हैं। उन्होंने बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति देने के प्रस्ताव का उल्लेख किया और कहा कि क्या इसके पीछे कोई षड्यंत्र है। उन्होंने आगे पूछा कि क्या ''केंद्र सरकार और अंतरराष्ट्रीय लॉबी के बीच कोई संबंध'' था, जिसने बजट में इस फैसले के लिए दबाव डाला। मित्रा ने तृणमूल कांग्रेस के फेसबुक पेज पर पोस्ट किए एक वीडियो संदेश में कहा कि आज का बजट आम लोगों के लिए एक आपदा है। जैसा कि आज कई विशेषज्ञ संकेत दे रहे हैं, इसमें एक गहरी साजिश है। आम लोगों के लिए कुछ नहीं है। उन्होंने बीमा में 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति देने के कदम की आलोचना की और कहा कि केंद्र सरकार ने बीमा पर जीएसटी में कटौती नहीं की। आयकर राहत पर उन्होंने कहा कि केवल आठ करोड़ लोग कर देते हैं। अगर उनमें से कुछ लोगों को थोड़ा बहुत लाभ भी होता है, तो वह मुद्रास्फीति द्वारा अपने आप खत्म हो जाएगा।

**❑ जनविरोधी, गरीब विरोधी व दिशाहीन बजट : कुणाल घोष**

तृणमूल कांग्रेस के महासचिव कुणाल घोष ने कहा कि यह आम लोगों का बजट नहीं है। सरकार ने 12 लाख तक आयकर में छूट भले दी है, लेकिन इतनी कमाई कितने लोगों की होती है। ऐसे लोगों के लिए यह छूट बेमानी है। सीधे कहें तो यह केंद्रीय नहीं बल्कि बिहार का बजट है। कुणाल घोष ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि केंद्रीय बजट पर टीएमसी का जो रुख और विश्लेषण है उसे डॉ. अमित मित्रा ने पहले ही आपके सामने पेश किया है। ये जनविरोधी, गरीब विरोधी, दिशाहीन बजट है। गरीब और मध्यम वर्ग, किसान, मजदूर, महिला और युवाओं के लिए कोई उम्मीद नहीं है। यह बजट पूरे देश की आबादी के हित में नहीं है। कुणाल घोष ने आगे कहा कि ये लोग इनकम टैक्स की बात कर रहे हैं। केवल आठ करोड़ लोग ही इनकम टैक्स देते हैं।

# केंद्रीय बजट 2025 पर बड़े व्यापारियों और उद्योगपतियों की मिली सकारात्मक प्रतिक्रियाएं

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय बजट 2025 ने बड़े व्यापारियों और उद्योगपतियों से सकारात्मक प्रतिक्रियाएं प्राप्त की हैं। प्रमुख व्यापारिक समूहों ने इस बजट को विकासोन्मुख और समावेशी बताते हुए इसे भारत की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने वाला कदम करार दिया। उद्योग जगत ने विशेष रूप से आयकर में छूट, बुनियादी ढांचे के विकास और एमएसएमई क्षेत्र के लिए किए गए सुधारों का स्वागत किया। बड़े व्यापारियों का मानना है कि इस बजट के माध्यम से मध्यम वर्ग को अतिरिक्त आय और उपभोक्ता खर्च में वृद्धि देखने को मिलेगी, जो व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करेगा। कुल मिलाकर, यह बजट व्यापार और उद्योग के लिए एक सकारात्मक बदलाव और विकास की नई संभावनाओं का द्वार खोलता है।



**❑ अंबुजा नेओटिया ग्रुप के चेयरमैन हर्षवर्धन नेओटिया**

अंबुजा नेओटिया ग्रुप के चेयरमैन हर्षवर्धन नेओटिया ने कहा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट प्रस्तावों ने नए भारत की कहानी का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया है, जिसमें शासन प्रणाली सरल और विश्वासपूर्ण है, नियामक व्यवस्था उद्योग के लिए प्रोत्साहक है और नीतियां रोजगार सृजन पर केंद्रित हैं। उन्होंने आगे कहा कि, होटल, यात्रा और पर्यटन क्षेत्र के लिए दिए गए प्रोत्साहन वास्तव में उत्साहवर्धक हैं, क्योंकि इससे प्रमुख 50 पर्यटन स्थलों में होटल बनाने में मदद मिलेगी और इन्फ्रास्ट्रक्चर एचएमएल से फंडिंग पर लाभ मिलेगा। राज्य सरकारों के साथ नीति निर्माण में सहयोग इन विकासों को तेज़ी से आगे बढ़ाएगा। कुल मिलाकर, यह एक विकास और उपभोक्ता केंद्रित बजट है, जो कर कटौती के माध्यम से उपभोक्ताओं के हाथ में अधिक पैसे छोड़ता है।



**❑ सीडबल्यूबीटीए के अध्यक्ष सुशील पोद्दार**

यह बजट व्यापार समुदाय और मध्यवर्ग के लाभ के लिए पूरी तरह से केंद्रित है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत संघीय बजट 2025 में कई ऐसे उपाय पेश किए गए हैं, जो व्यापारियों को सीधे और अप्रत्यक्ष रूप से लाभ पहुंचा सकते हैं। व्यक्तिगत आयकर स्लैब में 1.2 मिलियन तक की शून्य छूट से मध्यवर्ग की खर्च करने की शक्ति बढ़ने की संभावना है, जिससे उपभोक्ता खर्च में वृद्धि होगी, और व्यापारियों को वस्तुओं और सेवाओं की उच्च मांग से लाभ होगा। एमएसएमई के लिए क्रेडिट गारंटी बढ़ाना और कस्टम ड्यूटी में कमी जैसे कदम छोटे और मध्यम व्यापार उद्यमों को अपनी स्थिति को मजबूत करने में मदद करेंगे। इसके अलावा, राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन और बीमा क्षेत्र में एफडीआई में वृद्धि जैसे कदम व्यापारियों के लिए अधिक अवसर प्रदान करेंगे। बढ़ी हुई क्षेत्रीय कनेक्टिविटी से व्यापारियों को परिवहन लागत में कमी और बेहतर बाजार पहुंच का लाभ मिलेगा। कुल मिलाकर, यह बजट व्यापार और आर्थिक विकास के लिए एक सकारात्मक कदम है।



**❑ नेशनल ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंघी**

नेशनल ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंघी ने बजट 2025 पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट व्यापार समुदाय और मध्यवर्ग के लाभ के लिए पूरी तरह से केंद्रित है। व्यक्तिगत आयकर राहत - 1.2 मिलियन तक शून्य कर, जिससे उपभोक्ता खर्च में वृद्धि होगी। एमएसएमई के लिए समर्थनॉ-बढ़ी हुई क्रेडिट गारंटी से छोटे व्यापारों को अधिक अवसर मिलेंगे। यह बजट व्यापारिक विकास, आर्थिक सशक्तिकरण और बाजार विस्तार के नए अवसर लेकर आया है।



**❑ पैटन ग्रुप के एमडी संजय बुधिया**

केंद्रीय बजट 2025-26 सकारात्मक संकेत प्रदान करता है, जो देश और उसके नागरिकों की विकास क्षमता को उजागर करता है। आयकर सीमा को 7 लाख रुपये से बढ़ाकर 12 लाख रुपये करना उपभोक्ताओं की खपत को बढ़ावा देगा और आर्थिक प्रवृद्धि को गति देगा। 100 से अधिक प्रावधानों का सरलीकरण और अपराधीकरण से मुक्त करना व्यवसाय करने में आसानी की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसके साथ ही, जल जीवन मिशन का विस्तार, जिससे साफ पानी की पहुंच सुनिश्चित होगी, लाखों लोगों के जीवन में बदलाव लाएगा। वहीं, व्यापार और निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिए अतिरिक्त फंड आवंटन किया गया है, जो तत्काल आर्थिक चुनौतियों का समाधान करेगा और दीर्घकालिक विकास के लिए आधार तैयार करेगा। इसके अलावा, एमएसएमई और स्टार्ट-अप के लिए कदमों से उत्पादन क्षमता और निर्यात प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी।



**❑ जीतो जेआईटीईएम एपेक्स के चेयरमैन भावेन कामदार**

जीतो जेआईटीईएम एपेक्स के चेयरमैन भावेन कामदार ने इस बजट को एक समावेशी बजट बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की भारत को दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और विकसित भारत के दृष्टिकोण के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। विभिन्न क्षेत्रों में फंड प्रवाह को बढ़ाना एक वास्तविक प्रोत्साहन है, वहीं आयकर सीमा बढ़ाने से अर्थव्यवस्था को और बढ़ावा मिलेगा, क्योंकि लोगों के पास खर्च करने के लिए अधिक धन होगा। यह बजट वास्तव में शानदार और केंद्रित है, जो आर्थिक वृद्धि और समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।



**❑ स्टील और मेटल उद्योग के प्रमुख ललित बेरीवाला**

समावेशी विकास और आर्थिक समृद्धि की दिशा में केंद्रीय बजट 2025-26 को एक दूरदर्शी कदम बताते हुए स्टील और मेटल उद्योग के प्रमुख ललित बेरीवाला ने इसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि यह बजट कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात के क्षेत्रों को मजबूत करने पर केंद्रित है, जो भारत को एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ाएगा। उन्होंने समावेशी विकास, कौशल विकास, बुनियादी ढांचे के विस्तार और नवाचार पर जोर देने को सरकार की आर्थिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। यह बजट स्थिरता और तकनीकी उन्नति को बढ़ावा देगा, जिससे भारत का भविष्य और भी समृद्ध बनेगा।



**❑ डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक विनोद कुमार गुप्ता**

विनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय बजट 2025 का फोकस आर्थिक विकास को बढ़ावा देने पर है, जिसमें महत्वपूर्ण कर सुधार, कृषि मिशन और गिग श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का प्रावधान किया गया है। टेक्नोलॉजी उन्नयन और शुल्क समायोजन पर जोर देने से हमारे पारंपरिक वस्त्र क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। इसके अलावा, कपास उत्पादकता योजना कपास खेती को पुनर्जीवित करेगी और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादन को बढ़ावा देगी। कुल मिलाकर, ये कदम समग्र रूप से उद्योगों में समृद्धि और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देंगे।



**❑ जैन ग्रुप के प्रबंध निदेशक ऋषि जैन**

जैन ग्रुप के प्रबंध निदेशक ऋषि जैन ने केंद्रीय बजट 2025-26 की सराहना करते हुए कहा कि एक लाख करोड़ रुपये का शहरी चुनौती कोष शहरों में निवेश, बुनियादी ढांचे और पुनर्विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे वे विकास के केंद्र बनेंगे। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी ढांचे में आतिथ्य सेवाओं का समावेश और शीर्ष 50 पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देना एक महत्वपूर्ण कदम है। उड़ा योजना के तहत 120 नए स्थानों को जोड़ने से स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को बल मिलेगा और रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे। उच्च डिस्पोसेबल आय और सरल कर व्यवस्था से आवास अधिक सस्ती होंगी, जिससे रियल एस्टेट की मांग बढ़ेगी और आर्थिक विस्तार को गति मिलेगी।



**❑ सिद्धा के प्रबंध निदेशक संजय जैन**

संजय जैन ने बजट 2025 पर टिप्पणी करते हुए कहा कि इस बजट ने मध्यवर्ग को बढ़ी हुई निपटान योग्य आय के साथ सशक्त कर एक परिवर्तनकारी दिशा तय की है, जिससे इच्छाशक्ति रखने वाले गृह खरीदारों के पास अतिरिक्त नकदी प्रवाह होगा। यह दूरदर्शी कदम उपभोक्ताओं की खर्च करने की शक्ति को बढ़ाने की उम्मीद करता है, जिससे आवास क्षेत्र में वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा और परिवारों के लिए अपने घर के स्वामित्व का सपना पूरा करने के लिए नए अवसर खुलेंगे। इस कदम से आवासीय बाजार में तेजी आने की संभावना है, जो आर्थिक विकास और सामाजिक समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।



**❑ सेंचुरीप्लाई के कार्यकारी निदेशक केशव भजनका**

सेंचुरीप्लाई के कार्यकारी निदेशक केशव भजनका ने कहा कि, मैं मानता हूं कि केंद्रीय बजट 2025 में बुनियादी ढांचे और रोजगार निवेश पर जोर दिया गया है, जो सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन की घोषणा 'मेक इन इंडिया' पहल को मजबूती देने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किफायती आवास के विस्तार और सतत शहरी विकास पर सरकार का ध्यान हमारे दृष्टिकोण से मेल खाता है। इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने, किरायेदार आवास की उपलब्धता में सुधार और स्टांप ड्यूटी दरों में सुधार से देश के विनिर्माण और इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति होगी। आयकर स्लैब में बदलाव और मध्यम वर्ग पर कर भार में कमी निश्चित रूप से दीर्घकालिक और तात्कालिक रूप से आर्थिक विकास को बढ़ावा देगी।



**❑ ईडन रियल्टी ग्रुप के प्रबंध निदेशक आर्य सुमंत**

केंद्रीय बजट 2025 में कई ऐसे कदम उठाए गए हैं, जो रियल एस्टेट क्षेत्र पर सकारात्मक प्रभाव डालने की संभावना रखते हैं। एक प्रमुख कदम व्यक्तिगत आयकर दरों में कमी है, जिससे निपटान योग्य आय में वृद्धि होगी, जो उपभोक्ता खर्च और आवासीय संपत्तियों में निवेश को बढ़ावा देगा। बजट की घोषणा से पहले, हमने किफायती आवास को बढ़ावा देने और गृह ऋण लेने वाले खरीदारों के लिए कर लाभ बढ़ाने की सिफारिश की थी। इनमें किफायती आवास इकाइयों के लिए मूल्य सीमा बढ़ाना और आवास ऋण के लिए क्रेडिट गारंटी योजना शुरू करना शामिल था, लेकिन दुर्भाग्यवश, ये सिफारिशें पूरी नहीं हो पाईं।



**❑ क्यू इंडस्ट्रियल पार्क के संस्थापक नवीन सराफ**

नवीन सराफ ने कहा कि आज हमारी औसत आय करीब ढाई लाख रुपये है, तो 12 लाख रुपये, औसत आय का लगभग पांच गुना है। इस प्रकार औसत आय से पांच गुना अधिक आय पर टैक्स लगाना एक बहुत ही सकारात्मक कदम है। उन्होंने कहा कि बजट में कहा गया है कि सरकार का व्यापार में हस्तक्षेप कम करेगी और फिस्कल डेफिसिट कम करने की प्रक्रिया जारी रखेगी। पिछली बार कॉर्पोरेट टैक्स कम किया गया था, बड़े टैक्स में बदलाव किया था, इस बार वित्त मंत्री ने व्यक्तिगत आयकर में राहत दी है। व्यक्तिगत आयकर में वो उम्मीद पूरी की है, जो कॉर्पोरेट टैक्स के लिए की जा रही थी। उन्होंने आगे कहा कि हमारा बड़ा फोकस एमएसएमई पर हुआ है कि हम एमएसएमई के लिए लोन आसान करेंगे, उसकी सीमा बढ़ाएंगे और स्किल डेवलपमेंट करेंगे। आज एमएसएमई में करोड़ों लोग काम कर रहे हैं, उम्मीद है कि बजट में उठाए गए कदमों से यह संख्या 10 करोड़ तक पहुंच जाएगी। इससे रोजगार क्षमता बढ़ेगी, जो पहले सिर्फ सरकारी नौकरी या मैन्युफैक्चरिंग पर निर्भर थी।

## पीएम मोदी को सैल्युट व वित्त मंत्री सीतारमण का भी आभार : शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता, समाज्ञा**

संसद में पेश केंद्रीय बजट पर जहां विपक्ष सवाल उठा रहा है तो वहीं नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी बजट पर फूले नहीं समा रहे है। केंद्र सरकार द्वारा बजट पेश किए जाने के बाद राज्य के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि यह बजट गरीबों, महिलाओं और युवाओं को ध्यान में रखकर बनाया गया है। शुभेंदु अधिकारी ने इसके लिए नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने केन्द्रीय वित्त मंत्री का भी आभार व्यक्त किया। अधिकारी ने एक्स हैंडल पर लिखा कि मोदीमिक्स को सलाम। सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों के बारे में सोचा है, जिसकी शुरुआत आयकर छूट से की गई है। इसके अलावा, महिलाओं की सुरक्षा से लेकर युवाओं पर भी ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में स्कूली शिक्षा पर भी इस तरह ध्यान केंद्रित किया गया है कि कम समय में ही शिक्षा क्षेत्र में और सुधार किया जा सके।



## बजट में समाज के सभी वर्गों के लोगों की अपेक्षाओं का ध्यान रखा गया है : राज्यपाल

**❑ राज्यपाल ने केंद्रीय बजट को बताया 'संतुलित'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा शनिवार को पेश 2025-26 के आम बजट की सराहना करते हुए इसे संतुलित और दूरदर्शी बजट बताया है। राज्यपाल ने इसके लिए वित्त मंत्री को बधाई देते हुए कहा कि बजट में समाज के सभी वर्गों के लोगों की अपेक्षाओं और राष्ट्र की प्राथमिकताओं को शामिल किया गया है। राज्यपाल ने कहा कि वित्त मंत्री को पूरा विश्वास है कि बंगाल के लोग बजट की नवीन विशेषताओं का लाभ उठा सकेंगे। यह बजट विकास-केंद्रित और समावेशी है और इसमें किफायती आवास, कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर जोर दिया गया है, जो विकास के प्रमुख इंजन हैं, जिससे निरंतर आर्थिक गति सुनिश्चित होती है। इसी तरह, यह आर्थिक विकास और रोजगार सृजन के प्रमुख स्तंभ के रूप में पर्यटन को बढ़ावा देता है। राज्यपाल ने कहा कि बंगाल इससे काफी लाभान्वित हो सकता है, क्योंकि यह विश्व स्तरीय यात्रा और स्वास्थ्य सेवा केंद्र के रूप में उभर सकता है। बोस ने कहा कि आयकर सीमा को बढ़ाकर 12 लाख रुपये करने से बंगाल को अपने विशाल मानव संसाधन के साथ काफी लाभ होगा, जिससे तरलता में वृद्धि होगी और खपत बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि बजट में विभिन्न ग्रामीण और कृषि योजनाओं पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। बंगाल, जो मुख्य रूप से कृषि प्रधान राज्य है, को प्रावधानों से लाभ मिलना चाहिए। बजट में बुनियादी ढांचे, विनिर्माण और उपभोक्ता खर्च को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करके एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाया गया है। राज्यपाल ने अंत में कहा कि विकसित भारत का मार्ग विकसित बंगाल से होकर गुजरेगा और यह राज्य और उसके लोगों के लिए बजट से लाभ उठाने के लिए नए जोश और उत्साह के साथ आगे आने का एक बड़ा अवसर है।

**Name Change**

I, TAMALIKA CHATTERJEE, Daughter of Shri Tanmay Chatterjee, years residing at House No. H-19, Indian Oil Nagar, Opp ESIC, Colony Site-2, Sector-55, Noida, Goutam Buddha Nagar, Uttar Pradesh, Pin-201301, declare that my recorded name in school and college is TAMALIKA CHATTERJEE, but I myself popularly known as TAMLIKA CHATTERJI by virtue of this affidavit, I wholly renounce/relinquish and abandon the use of my former name/surname of TAMALIKA CHATTERJEE to TAMLIKA CHATTERJI and henceforth I shall be known as the TAMLIKA CHATTERJI. That the TAMALIKA CHATTERJEE and TAMLIKA CHATTERJI is the same and one identical person vide Affidavit dated 30.01.2025, before the Court of Ld. 1st Class Judicial Magistrate at Kolkata.

**पश्चिम मध्य रेल**
**सिगनल एवं दूरसंचार विभाग**
**निविदा सूचना**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से **वरि.मं.सं. एवं दू.सं.इंजी. (सिगनल एवं दूरसंचार), पश्चिम मध्य रेल, कोटा मंडल**, निम्नलिखित कार्यों Tender No. KOTA/SNT/SIG/2024/13-14-M/R1 के लिए निर्धारित ई-निविदाएं आमंत्रित करते है। टेण्डर खुलने की तारीख एवं समय नीचे दर्शाया गया है। इस निविदा के लिये किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। **टेन्डर सं.:** कोटा/एसएण्डटी/सिग./2024/13-14-M/R1. **कार्य का नामः कोटा डिवीजनः रिप्लेसमेन्ट ऑफ डिफेक्टिव सिगनलिंग केबलस् फॉर इनहेन्सिंग सेफ्टी ऑफ सिगनलिंग सिस्टम।: सिगनलिंग वर्क इन कनेक्शन विथ ट्रैक रिनीयुल वर्क्स इन कोटा डिवीजन। कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 3,42,34,775.39. **बयाना राशिः** ₹ 3,21,200/-. **तारीख एवं समयः** दिनांक 27.02.2025 को 15.00 बजे तक। पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड की गई है। निविदा/बोलीदाताओं के पास कक्षा III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है और आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदा/ बोलीदाताओं ई-टेण्डरिंग पर भाग ले सकते हैं। सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किया जाना चाहिए। पंजीकृत निविदा एण्ड **GSTIN** रजिस्टर होना चाहिये। दिनांकः 30.01.2025

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 31.01.2025,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदाएँ ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: टीएन-248-24-25, कार्य का नामः** बेलडांगा में: एईएन/बरहामपुर कोर्ट के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/वर्क्स/बेलडांगा के अधीन सभी पहलुओं में कार्यों को पूरा करने के लिए अन्य सभी सहायक कार्यों सहित प्लेटफॉर्म नं. 1 को प्लेटफॉर्म नं. 3 और बाहर से जोड़ने के लिए बेलडांगा में 6 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज के नए निर्माण का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु.3,49,22,171.90, **बयाना राशि :** रु. 3,24,600/-, **कार्य की समापन अवधिः** 12 माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 27.02.2025 को 15.00 बजे। **निविदा के खुलने की तिथि और समयः** दिनांक 27.02.2025 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्तावों को तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।
SDAH-343/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 (वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के कार्यक्षेत्र के अधीन) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **एनआईटी सं.: 325_2024-25, कार्य का विवरण :** वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा और वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा के कार्यक्षेत्र में वेल्डिंग पोर्शन की आपूर्ति एवं पर्यवेक्षण। **अनुमानित मूल्यः** रु.3,94,78,641/-, **बयाना राशिः** रु. 3,47,400/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.):** शून्य। **समापन अवधिः** 12 (बारह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 24.02.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतानः ई-निविदा प्रणाली के मामले में बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।
HWH-580/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ तल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नामः** हावड़ा मंडल के तहत 03 वर्ष की अवधि के लिए विभिन्न स्टेशनों पर पार्किंग लॉट के परिचालन के लिए अनुबंध प्रदान करना। ई-नीलामी की अधिक जानकारी एवं भागीदारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in ई-ऑक्शन लीजिंग** मॉड्यूल के माध्यम से देखें।

**कैटलॉग सं. पार्क-एचडब्ल्यूएच-जेएएन-5एन**

**क्रम सं., लॉट सं. एवं स्टेशनों के नाम :** **(1)** पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-एसएमएई-टीडब्ल्यू-153-25-1 (पार्किंग-टू व्हीलर), समुद्रगढ़। **(2)** पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-टीवाईएई-टीडब्ल्यू-105-24-1 (पार्किंग-टू व्हीलर), टेंया। **(3)** पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-पीएसएई-टीडब्ल्यू-35-25-1 (पार्किंग-टू व्हीलर), पूर्बस्थली। **(4)** पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-बीजेडएलई-टीडब्ल्यू-36-25-1 (पार्किंग-टू-व्हीलर), बाजारसौ। **(5)** पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-बीसीजीएम-आरडब्ल्यू-269-24-1 (पार्किंग-थ्री व्हीलर), बैंचीग्राम। **नीलामी शुरू होने की तिथि और समयः** दिनांक 14.02.2025 को 12.00 बजे।
HWH-583/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**कुछ एक्सप्रेस ट्रेनें निरस्त**

कुछ परिचालनगत कारणों से, नीचे उल्लेखित ट्रेनें निरस्त रहेंगी: • **22460** आनंद विहार-मधुपुर बाबा बैद्यनाथधाम देवघर हमसफर एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 03.02.2025). • **22459** मधुपुर-आनंद विहार बाबा बैद्यनाथधाम देवघर हमसफर एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 04.02.2025). • **12316** उदयपुर-कोलकाता अनन्या एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 03.02.2025). • **14050** दिल्ली-गोड्डा एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 03.02.2025). • **14049** गोड्डा-दिल्ली एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 05.02.2025). • **12333** हावड़ा-प्रयागराज रामबाग विभूति एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 02.02, 03.02 एवं 04.02.2025). • **12334** प्रयागराज-हावड़ा रामबाग विभूति एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 03.02, 04.02 एवं 05.02.2025)।

**नई दिल्ली-हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग पर चलेगी**

• **12302** नई दिल्ली-हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 03.02 एवं 04.02.2025), पूर्व में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य तथा ब्लॉक के कारण परिवर्तित मार्ग प्रयागराज जंक्शन-प्रयागराज रामबाग-पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन होकर चल रही थी, अब अपने निर्धारित मार्ग पर चलेगी।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**
हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# दिल्ली और बिहार चुनावों को ध्यान में रखकर बनाया गया बजट : मो. सलीम



**कोलकाता, समाज्ञा :** संसद में पेश केंद्रीय बजट को जहां विपक्ष चुनावी नजर से देख रहा है तो वहीं भाजपा उक्त बजट को जनता का बजट करार दे रही है। ऐसे में वाममोर्चा नेता मो. सलीम ने एक संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय बजट की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि बजट में स्वास्थ्य और शिक्षा पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। चूंकि, दिल्ली और बिहार में चुनाव हैं, इसलिए बजट को उसी को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। सलीम ने चुटकी लेते हुए कहा कि यह भारत सरकार का बजट नहीं है, बल्कि बिहार का बजट है। उन्होंने कहा कि कहीं पर निगाह है तो कहीं पर निशाना है, दरअसल, बिहार व दिल्ली को देखते हुए बजट बनाया गया है। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि पूर्वोत्तर भारत के राज्यों से लेकर पश्चिमी भारत समेत कई अन्य राज्यों में भी ऐसा ही किया जा रहा है। बंगाल को वंचित रखा गया है। यह सरकार देश के संघीय ढांचे को नुकसान पहुंचा रही है। सभी राज्यों को समान नजर से नहीं देखा जा रहा है। केंद्र सरकार कई राज्यों को कई लाभों से वंचित कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सभी राज्यों के विकास में मदद करने में अनिच्छुक है। सलीम ने याद दिलाया कि बजट भाषण में कई क्षेत्रों को छोड़ दिया गया था। उनके अनुसार, रेलवे के संबंध में कोई अलग घोषणा नहीं की गई। पिछले कुछ महीनों में इतनी सारी रेल दुर्घटनाओं के बावजूद केंद्र ने यात्री सुरक्षा पर ध्यान नहीं दिया है।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
- MATRIMONIAL
- PROPERTY
- RECRUITMENT
- EDUCATION
- NAME CHANGE
- PUBLIC NOTICE
- OBITUARY
- REMEMBRANCE
- DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522


# केंद्रीय बजट 2025 पर आभूषण उद्योग की रही मिली-जुली प्रतिक्रिया

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2025 को आभूषण उद्योग ने मिश्रित प्रतिक्रिया दी है। वहीं, बजट में सरकार द्वारा प्लैटिनम फाइडिंग्स (प्लैटिनम के आभूषण बनाने में इस्तेमाल होने वाला तत्व) पर मूल सीमा शुल्क में कमी और आभूषण शुल्क में कटौती की घोषणा का रत्न और आभूषण उद्योग ने स्वागत किया है। रत्न और आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के चेयरमैन विपुल शाह ने इस बजट में अध्याय 71 के तहत नए टैरिफ आइटम बनाने की योजना का समर्थन किया है, जिसके तहत चांदी, सोने और प्लैटिनम की मिश्रधातुओं को अलग-अलग वर्गीकृत किया जाएगा। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के क्षेत्रीय सीईओ सचिन जैन और कामा ज्वेलरी के प्रबंध निदेशक कॉलिन शाह ने आभूषण शुल्क में कटौती को उपभोक्ता मांग को बढ़ावा देने वाला कदम बताया है।



**❑ आर.आर अग्रवाल ज्वेलर्स के डायरेक्टर रतन लाल अग्रवाल**

भारत सरकार द्वारा 2025 का बजट पेश कर दिया गया है। जिसमें सोने और चांदी पर किसी भी प्रकार का टैक्स परिवर्तन नहीं किया गया है। हालांकि, पर्सनल इनकम टैक्स देने वालों को कुछ लाभ प्रदान किए गए हैं, जिससे उनके पास अधिक पैसा बच सकेगा, और इस बचत का उपभोक्ता बाजार में खर्च होने से व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। कुल मिलाकर, इस बजट में कोई बड़े बदलाव नहीं किए गए हैं, लेकिन यह छोटे बदलाव व्यापारियों के लिए फायदेमंद हो सकते हैं।



**❑ सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के एसडी एंव सीईओ सुवांकर सेन**

2025 का बजट भारत की वृद्धि को बढ़ावा देने का सही उद्देश्य निर्धारित करता है, जिसमें मध्य वर्ग की खपत, कृषि क्षेत्र पर जोर दिया गया है, जो ग्रामीण मांग और उत्पादकता को बढ़ावा देगा। इसके अलावा, महिलाओं और युवाओं पर फोकस कर भविष्य में भारत की वृद्धि को दिशा दी जा रही है। सोने और चांदी पर ड्यूटी में कोई बदलाव नहीं किया गया है, जिससे भारतीय उपभोक्ताओं पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। टेक्नोलॉजी का विकास इस समय की आवश्यकता है, और इसे बढ़ावा देने के लिए ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए, ताकि हम एक और अधिक भविष्यवादी देश बन सकें।



**❑ अवामा ज्वैलर्स के संस्थापक और मालिक अभिषेक कजारिया**

अभिषेक कजारिया ने केंद्रीय बजट 2025-26 को रत्न और आभूषण उद्योग के लिए सकारात्मक और विकासोन्मुख बताया। उन्होंने कहा कि इस बजट में डिस्पोजेबल आय को बढ़ावा देने के लिए उपाय किए गए हैं, जो उपभोक्ता खर्च को प्रोत्साहित करेगा। साथ ही, विनिर्माण और निर्यात क्षेत्रों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि व्यापार में आसानी बढ़ाने और उद्योग के विकास को समर्थन देने वाली नीतियां भारत को वैश्विक आभूषण केंद्र के रूप में स्थापित करने में मदद करेंगी।



**❑ इंडियन जेम एंड ज्वेलरी क्रिएशन के निदेशक प्रतीक दुग्गड़**

इंडियन जेम एंड ज्वेलरी क्रिएशन के निदेशक प्रतीक दुग्गड़ ने केंद्रीय बजट 2025 पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि रत्न एवं आभूषण क्षेत्र में कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं हुआ है, जबकि उन्हें सोने और पॉलिश किए गए हीरे के आयात शुल्क में कमी की उम्मीद थी। उन्होंने यह भी कहा, कोई खबर न होना भी कभी-कभी अच्छी खबर होती है और स्थिरता से व्यवसाय बिना किसी व्यवधान के संचालित हो सकते हैं। प्रतीक दुग्गड़ ने बजट में स्थिरता को सकारात्मक पहलू बताया, जिससे व्यापारियों को अपने कारोबार में निरंतरता और शांति से काम करने का अवसर मिलेगा।



**❑ महाबीर डांवर ज्वैलर्स के निदेशक संदीप सोनी**

महाबीर डांवर ज्वैलर्स के निदेशक संदीप सोनी ने केंद्रीय बजट 2025 पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट एक ऐतिहासिक क्षण है, क्योंकि यह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया आठवां बजट है। सोनी ने बताया कि आभूषण उद्योग को इस बजट से कुछ विशेष उम्मीदें थीं, लेकिन इस बार इस क्षेत्र में कोई नया बदलाव या रियायत नहीं दी गई। हालांकि, टैक्स स्लैब में किए गए सुधारों का उन्होंने स्वागत किया, जिससे आम जनता को राहत मिली है। बजट में एमएसएमई, निवेश, निर्यात, कृषि और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके साथ ही, रक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा को भी बजट में प्रमुख स्थान मिला है, जो देश की समग्र विकास दिशा में अहम कदम है।



**❑ पन्ना डायमंड वर्ल्ड के मालिक पिंटू अग्रवाल**

पन्ना डायमंड वर्ल्ड के मालिक पिंटू अग्रवाल ने बजट को बेहतरीन बजट में से एक बताया। उन्होंने कहा कि जहां सबसे पहले भारतीय रिजर्व बैंक ने तरलता को बढ़ावा दिया और फिर वेतनभोगी कर्मचारियों को आयकर लाभ के साथ बजट पेश किया गया है। विभिन्न क्षेत्रों में कई लाभ दिए गए हैं। कुल मिलाकर, यह बजट सकारात्मक और खुशहाल माहौल उत्पन्न करता है।

**❑ केंद्रीय बजट पर अनरघा उत्तिया चौधरी, अंजलि ज्वैलर्स, पार्टनर की प्रतिक्रिया**

केंद्रीय बजट में आम आदमी की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उनके हाथों में अधिक पैसा रखने की अनुमति दी गई है, साथ ही सरकार ने नए कर ढांचे का निर्माण करके आम आदमी की भावनाओं के प्रति संवेदनशील रही है। हमें उम्मीद है कि आम आदमी के हाथों में जो पैसा होगा, वह उन्हें अपने निवेश के बारे में समझदारी से निर्णय लेने में मदद करेगा, जिसमें सोने के आभूषण भी शामिल हैं।

# भारत के समग्र विकास के लिए प्रभावशाली कदम है यह बजट

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय बजट 2025 ने भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास की नई दिशा तय की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत इस बजट में मध्यम वर्ग, एमएसएमई, किसानों और इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र को महत्वपूर्ण राहत दी गई है। बजट में नए टैक्स रिजीम, ब्याजमुक्त ऋण, और शहरी विकास के लिए 1 लाख करोड़ के फंड जैसी कई योजनाओं की घोषणा की गई है, जो देश की समग्र आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान करेंगी। विभिन्न क्षेत्र के दिग्गजों ने भी इस बजट की सराहना की।



## सीडा के सचिव अभिषेक वर्मा

कलकत्ता डीलर एसोसियेशन के सचिव अभिषेक वर्मा ने कहा यह बजट जो वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किया गया है, वाकई बहुत प्रभावशाली है। इस बजट में उन सभी पहलुओं को शामिल किया गया है जिन्हें पिछले बजटों में छुआ नहीं गया था। मध्यम वर्ग को आयकर में बड़ी राहत, सभी के लिए समावेशी विकास, एमएसएमई लोन की सीमा में वृद्धि, एमएसएमई के लिए क्रेडिट कार्ड, किसानों के लिए बड़ा प्रोत्साहन, और विनिर्माण गतिविधियों को बढ़ावा देने की योजना है। कुल मिलाकर, यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक बूम टाइम है। विकसित भारत जल्द ही होगा, और आने वाले दशकों में भारत दुनिया पर राज करेगा।



## सीटा के सचिव जितेंद्र सुराणा

कलकत्ता इलेक्ट्रिक ट्रेडर एसोसिएशन के सचिव जितेंद्र सुराणा ने केंद्रीय बजट 2025 पर टिप्पणी करते हुए कहा कि, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किया गया यह बजट भारत के विकास को तेजी से बढ़ावा देने के लिए एक दूरदर्शी कदम है। यह बजट प्रमुख क्षेत्रों जैसे कराधान, वित्तीय क्षेत्र, ऊर्जा, शहरी विकास, खनन और नियामक सुधारों पर ध्यान केंद्रित करता है। 1 लाख करोड़ का शहरी चैलेंज फंड और 1.5 लाख करोड़ के ब्याजमुक्त ऋण जैसे कदम बुनियादी ढांचे और शहरी विकास को मजबूत करेंगे। यह सतत विकास और कार्बन उत्सर्जन में कमी की दिशा में सकारात्मक कदम है। कुल मिलाकर, यह बजट समावेशी विकास को बढ़ावा देने वाला और भविष्य की जरूरतों को पूरा करने वाला एक संतुलित योजना है।



## कोट्टी के अध्यक्ष महेंद्र जैन

कोट्टी के अध्यक्ष महेंद्र जैन के अनुसार, यह बजट विकासोन्मुख और आत्मनिर्भर बजट है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बजट में सबका साथ, सबका विकास को चरितार्थ किया है। नए टैक्स रिजिम में 12 लाख रुपये तक की आय में छूट देकर मध्यम वर्ग को बड़ी राहत प्रदान की गई है, जो वाकई सराहनीय कदम है। वरिष्ठ नागरिकों को ब्याज में छूट बढ़ाकर 1 लाख रुपये करने से उन्हें भी बड़ी राहत मिलेगी। इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में की गई घोषणाएं आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। हालांकि, इमकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 43 (एच) में कोई बदलाव नहीं किया गया, जो निराशाजनक है। टेक्सटाइल क्षेत्र में कोई घोषणा नहीं हुई, लेकिन विस्तृत विवरण में आगे कुछ घोषणाएं हो सकती हैं। पर्यटन क्षेत्र में घोषणाएं स्वागत योग्य हैं।

# केंद्रीय बजट 2025 में शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण आवंटन, शिक्षाविदों ने किया स्वागत

**कोलकाता, समाज्ञा :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी 2025 को संसद में अपना 8वां बजट पेश किया। केंद्रीय बजट 2025 में शिक्षा के लिए 1,28,650.05 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया, जो पिछले साल की तुलना में 6.65 प्रतिशत अधिक है। पिछले वर्ष शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था, जिसमें से 1.21 लाख करोड़ रुपये का हिस्सा स्कूली और उच्च शिक्षा को दिया गया था। इस बजट में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिए उत्कृष्ट संस्थान की स्थापना, मेडिकल कॉलेजों में 10 हजार नई सीटें और सभी जिला अस्पतालों में डे केयर कैंसर सेंटर खोलने का प्रस्ताव किया गया है।



**❑ एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक एकेडमी के सचिव जयदीप पटवा,**

एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक एकेडमी के सचिव जयदीप पटवा ने केंद्रीय बजट 2025 पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि शिक्षा क्षेत्र के लिए आवंटित किए गया बजट पिछले वर्षों की तुलना में महत्वपूर्ण वृद्धि है। यह सरकार की शिक्षा में निवेश और इसे राष्ट्रीय प्रगति के लिए आवश्यक मानने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विशेष योजनाओं के लिए भी आवंटन किया गया है, जैसे समग्र शिक्षा (37,500 करोड़) और प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (1,815 करोड़), जिनका उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और उच्च शिक्षा तक पहुंच बढ़ाना है। इसके साथ ही राज्यों के लिए शिक्षण-प्रशिक्षण और परिणामों को मजबूत करने के लिए 1,250 करोड़ आवंटित किया गया है, जो छात्रों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सक्षम बनाने में मदद करेगा।



**❑ जेआईएस ग्रुप के प्रबंध निदेशक सरदार तरंजीत सिंह**

जेआईएस ग्रुप के प्रबंध निदेशक सरदार तरंजीत सिंह ने केंद्रीय बजट में 1.48 लाख करोड़ का आवंटन शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के लिए एक प्रगतिशील कदम है, जो ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय डिजिटल विश्वविद्यालय, एआई-आधारित उत्कृष्टता केंद्रों और पीएम इंटर्नशिप योजना जैसी पहलों पर जोर देना देश की नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक सटीक कदम है। एक संस्था के रूप में, जो समग्र शिक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है, जेआईएस ग्रुप डिजिटल लर्निंग, तकनीकी शिक्षा और शिक्षक विकास में इस निवेश का स्वागत करता है, जो युवाओं को भविष्य-तैयार कौशल से सशक्त करेगा और भारत को वैश्विक मंच पर शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाएगा।

# व्यापारियों का केंद्रीय बजट 2025-26 पर सकारात्मक दृष्टिकोण, आयकर में राहत को सराहा



चंद्रेश मेधाणी (रोमी)



उमाकांत अग्रवाल (बंटी)



मनमोहन बागरी



रमेश कुमार लाखोटिया



विक्रांत सिंह

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय बजट 2025-26 को लेकर मंझले व्यापारी वर्ग ने सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की है। व्यवसायियों का मानना है कि आयकर स्लैब में बदलाव और मध्यम वर्ग को राहत देने वाली नीतियां उनके लिए फायदेमंद साबित हो सकती हैं। इसके साथ ही, विभिन्न क्षेत्रों में सरकार के निवेश और बुनियादी ढांचे के विकास से व्यापारिक गतिविधियों में भी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। इस बजट को लेकर व्यापारी वर्ग आशान्वित है और इसे व्यवसायों के लिए सहायक मानते हैं।

**❑ श्री कलकत्ता जैन श्वेतांबर स्थानकवासी (गुजराती संघ) के अध्यक्ष चंद्रेश मेधाणी (रोमी)**

वित्त मंत्री ने 2025 का बजट बेहद उत्कृष्ट पेश किया है। 12 लाख तक की छूट से लोगों को भारी राहत मिलेगी, विशेषकर वेतनभोगियों के लिए यह फायदेमंद है। इस बार बजट को मध्यमवर्गीय लोगों के हित में तैयार किया गया है, जो पिछले कुछ सालों से ध्यान में नहीं रखा गया था। हम इस बजट की पूरी सराहना करते हैं, यह आम जनता के लिए बहुत लाभकारी साबित होगा।

**❑ उमाकांत अग्रवाल (बंटी)**

2025 का बजट बहुत ही सकारात्मक और विकासोन्मुखी है। वित्त मंत्री ने इसे शानदार तरीके से पेश किया, जो देश की आर्थिक वृद्धि को गति देगा। वेतनभोगियों को 12 लाख तक की छूट मिली है, जो बहुत लाभकारी है। बजट में मध्यमवर्गीय वर्ग के लिए कई राहतें दी गई हैं, जो उनके जीवनस्तर को बेहतर बनाएंगी। हम वित्त मंत्री की इस पहल की पूरी सराहना करते हैं।

**❑ डेको ड्रीम्स के मनमोहन बागरी**

यह बजट अच्छा था, लेकिन इसमें और सुधार की गुंजाइश थी। टैक्स स्लैब में दी गई छूट निश्चित रूप से फायदेमंद है, खासकर मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए, जो इससे राहत महसूस करेंगे। हालांकि, मुझे लगता है कि कॉर्पोरेट क्षेत्र के लिए भी कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकते थे, जिससे व्यापारियों और उद्योगपतियों को भी लाभ मिलता। कुल मिलाकर, यह बजट सकारात्मक है, लेकिन इसमें और पहलुओं पर ध्यान दिया जा सकता था ताकि सभी वर्गों को और अधिक लाभ मिल सके।

**❑ लाखोटिया ट्रांसपोर्ट के डायेरेक्टर रमेश कुमार लाखोटिया**

यह बजट अच्छा है, खासकर वेतनभोगी वर्ग के लिए। टैक्स स्लैब में जो बढ़ोतरी की गई है, वह निश्चित रूप से वेतनभोगियों को राहत देने वाली है। यह बजट हमारे अनुमान से कहीं बेहतर साबित हुआ है, क्योंकि इसमें आम आदमी को ध्यान में रखते हुए कई सकारात्मक कदम उठाए गए हैं। कुल मिलाकर, यह बजट उम्मीदों से भी बेहतर है और सामान्य वर्ग को राहत देने में सफल रहा है।

**❑ ग्लोब रोडवेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के डायेरेक्टर विक्रांत सिंह**

हमारी वित्त मंत्री ने इस बार बहुत अच्छा बजट पेश किया है। 12 लाख तक की छूट से लोगों को काफी लाभ होगा, खासकर वेतनभोगियों के लिए यह बजट अत्यंत फायदेमंद साबित हुआ है। पिछले तीन-चार सालों में इस बार स्पष्ट रूप से देखा गया है कि बजट को विशेष रूप से मध्यमवर्गीय लोगों के हित में तैयार किया गया है। हम इस बजट की पूरी सराहना करते हैं। कुल मिलाकर, यह बजट बहुत ही सकारात्मक और लाभकारी है, जो आम जनता के लिए काफी फायदेमंद रहेगा।

**❑ नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल**

शिशिर बैजल ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि इस बजट का मुख्य ध्यान डिस्पोजेबल आय बढ़ाने और खपत को प्रोत्साहित करने पर है। मध्यम वर्ग के लिए आयकर में छूट से डिस्पोजेबल आय बढ़ेगी और खपत में वृद्धि होगी। आवास क्षेत्र में स्वामिह फंड का 15,000 करोड़ रुपये का आवंटन, तनावग्रस्त परियोजनाओं को समर्थन देगा। हालांकि, किफायती आवास और किराये के आवास के लिए नीति की कमी पर ध्यान आकर्षित किया।

**❑ एसोचैम ईस्टर्न रीजन डेवलपमेंट काउंसिल की चेयरमैन तरनजीत सिंह**


केंद्रीय बजट पर तरनजीत सिंह ने कहा कि केंद्रीय बजट भारत के उभरते मध्यम वर्ग की व्यय क्षमता को बढ़ाने और समावेशी विकास को सुनिश्चित करने के लिए है। सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को प्रदान की जाने वाली ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी की शुरूआत पर टीसीएस हटाने का प्रस्ताव देश की शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाएगा। उन्होंने चिकित्सा शिक्षा के विस्तार के साथ-साथ एआई में उत्कृष्टता केंद्र का स्वागत किया क्योंकि इससे शिक्षा क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। इस बजट का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव पड़ेगा, जो व्यापार, निवेश और दुनिया भर के देशों की समग्र आर्थिक भलाई को प्रभावित करेगा।

# पर्यटन सहित कृषि को महत्व देकर वित्तमंत्रीने सराहनीय कदम उठाया : नरेश अग्रवाल



कुशल भारत समूह के प्रबंध निदेशक, नरेश अग्रवाल ने केंद्रीय बजट 2025 की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट भारत को वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आध्यात्मिक पर्यटन के विकास के लिए बजट में किए गए उपायों की सराहना की और कहा कि सड़क संपर्क परियोजनाओं और सांस्कृतिक गलियारों पर जोर देने से भारत के पर्यटन नेटवर्क को मजबूती मिलेगी। अग्रवाल ने उम्मीद जताई कि इससे घरेलू और विदेशी दोनों पर्यटन क्षेत्रों को लाभ मिलेगा। इसके अलावा, उन्होंने कौशल और शहरी विकास के लिए सरकार की नई सोच की सराहना की। अनुसंधान और नवाचार के लिए 1 लाख करोड़ रुपये के वित्तपोषण पूल को दीर्घकालिक विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।

# वित्तीय बजट 2025 ने खिलौना उद्योग को दिया बड़ा समर्थन : अक्षय बिंजराजका



**कोलकाता, समाज्ञा :** वित्तीय बजट 2025 ने खिलौना उद्योग को सरकार की ओर से बड़े पैमाने पर समर्थन का संकेत दिया। उद्योगपति और भारतीय खिलौना क्षेत्र का जाना-माना चेहरा अक्षय बिंजराजका (अध्यक्ष, भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स (टॉय एससी) ने कहा कि हमें उम्मीद थी कि वित्त मंत्री निश्चित रूप से हमारे उद्योग को अच्छा समर्थन देंगे और आज ऐसा ही हुआ। उन्होंने विशेष रूप से खिलौना क्षेत्र का उल्लेख किया और खिलौना उद्योग के लिए क्लस्टर निर्माण, फंड प्रबंधन और उद्योग की अन्य आवश्यकताओं के लिए योजना को जल्द ही क्रियान्वित किया जाएगा। श्री बिंजराजका ने यह भी उल्लेख किया कि पिछले साल जब उन्होंने कोलकाता में वित्त मंत्री से मुलाकात की थी तो उन्होंने प्रोडक्शन लिंक्ड के जल्द से जल्द कार्यान्वयन का अनुरोध किया था खिलौनों में प्रोत्साहन (पीएलआई) किया जाना चाहिए और आज सेक्टर को यह समझाते हुए उन्हें खुशी हुई कि सरकार भारत में खिलौना विनिर्माण क्षेत्र पर नजर रख रही है और पूर्ण समर्थन दे रही है। पिछले साल 2025 से 2031-32 तक परिव्यय के साथ 3489 करोड़ पीएलआई प्रस्तावित किया गया था और कैबिनेट की मंजूरी के लिए लंबित था। अक्षय बिंजराजका ने कहा कि हालांकि स्पष्ट विवरण जल्द ही आएंगे लेकिन खिलौना क्षेत्र को एक महत्वपूर्ण उद्योग के रूप में देखने के लिए प्रधान मंत्री और वित्त मंत्री को धन्यवाद देते है।

# किसी ने सराहा किसी ने नाकारा, आम लोगों की राय निराशा भरा लोक लुभावन बजट



सुषमा सिंह



अमित चौधरी




शरद गौतम



टीएमसी नेता पिंटू नाग



सुमित बर्मन



हेमंत वर्मा

**हुगली, समाज्ञा :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बजट 2025 पेश किया। बजट से लोगों को खासकर महिलाओं को बड़ी उम्मीद थी की उनकी रसोई का बजट अब सुधरेगा। आम बजट घोषणा के बाद जिले में लोगों की मिली जुली प्रतिक्रिया मिली। किसी ने सराहा तो किसी ने कहा कि बजट निराशाजनक एवं लोक लुभावन है। सिर्फ आईटी स्लैब में बदलाव करके मध्यमवर्गियों को सुनहरे सपने दिखाए गए हैं।

गृहणी सुषमा सिंह ने बताया कि बढ़ती महंगाई के दौर में रसोई का बजट बिगड़ते जा रहा है। उम्मीद थी कि इस बजट में शिक्षा, अस्पताल, खाद्य सामान के दामों के पर विशेष ध्यान दिया जायेगा लेकिन इस बार भी निराशा ही हाथ लगी।

अमित चौधरी ने बताया कि सरकार को बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण पाने वाला बजट लाना था लेकिन उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा यह बजट। सिर्फ टैक्स सल्ब बढ़ाकर मध्यमवर्गियों को लुभाया गया है।

शरद गौतम ने बताया कि बजट मध्यमवर्गियों को उबारने के लिए बनाया गया है। उम्मीदों से भरा बजट है। बजट में 12 लाख तक की आय को टैक्स फ्री किया गया है। इसका बहुत बड़ा फायदा हमारे मध्यम वर्गीय, नौकरीपेशा लोगों को होगा। बजट में मैन्युफेक्चरिंग पर फोकस है।

टीएमसी नेता पिंटू नाग ने कहा कि बजट दिशा भ्रमित करने वाला है। केंद्र सरकार ने बजट में बिहार को बहुत महत्व दिया है, बंगाल से दोहरा मापदंड किया जा रहा है।

छात्र सुमित बर्मन ने कहा कि यह लोक लुभावन बजट है। केंद्र सरकार को बढ़ती महंगाई, स्वास्थ्य सेवाओं, रोजगार, शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए था। बजट में छात्रों के लिए कुछ भी नहीं।

भजन गायक हेमंत वर्मा ने कहा कि बजट से टैक्स स्लैब में राहत मिलेगी। जो मध्यमवर्गीय लोगों के लिए फायदेमंद होगा। लेकिन उम्मीदों वाला बजट नहीं। बढ़ती महंगाई, शिक्षा, रोजगार अस्पताल एक बड़ी समस्या है। वैसे दवाइयों पर टैक्स कम होने से भी लोगों को बड़ी राहत मिलने वाली है।

# कुंभ नहाने गया परिवार तो चोरों ने किया घर साफ

**हुगली, समाज्ञा :** भद्रेश्वर थाना अंतर्गत लीचु बागान इलाके में चोरों ने एक घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। यह घटना तब घटी जब पूरा परिवार कुंभ स्नान के लिए गया था। आज सुबह घर वापस लौटने पर मामले का खुलासा हुआ। घर की आलमारी ताले टूटे हुए थे और बेशकीमती सामान गायब था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

# श्री बिहारीजी का 37वां बसंतोत्सव आज



**कोलकाता :** श्री बिहारीजी महाराज व श्री पुरुषोत्तमदास बाबा का 37वां बसंतोत्सव व कोलकाता मंदिर का स्थापना दिवस समारोह आगामी 2 फरवरी (रविवार) को मनाया जाएगा। श्री बिहारीजी मंदिर की ओर से बिरम प्रकाश सुल्तानिया ने एक प्रेस बयान में बताया कि पाथुरियाघाट स्ट्रीट स्थित श्री बिहारीजी मंदिर में दोपहर सवा एक बजे ज्योत प्रज्ज्वलन के साथ महोत्सव की शुरुआत होगी और रात करीबन साढ़े नौ बजे महाआरती के साथ धार्मिक आयोजन को विराम दिया जाएगा। इस दौरान गायक मान्या अरोड़ा, विजय सोनी, मनीष तिवाड़ी, मनोहर पारीक, कृष्ण कांत सोनी, प्रदीप शर्मा के अलावा श्री श्याम मंडल (नूतन बाजार) के सदस्यगण अखंड ज्योति, आलौकिक श्रृंगार व छप्पन भोग के समक्ष अपनी-अपनी मखमली आवाज में भजन रस की सरिता प्रवाहित करेंगे। सुल्तानिया ने बताया का आयोजन को शामिल होने के लिए मुंबई, भिवानी, जयपुर, हैदराबाद, रायगढ़, रांची, चाईबासा, दुमका, कुल्टी, धनबाद आसनसोल, राजगंगपुर , वाराणसी, बासुपट्टी, टाटानगर, संबलपुर व राउरकेला के अलावा पड़ोसी देश नेपाल (धरान) से भी दर्जनों की संख्या बाबा भक्त आ रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के कई सदस्य सक्रियता से जुटे हैं।

# खटाल को लेकर शिकायत करने पर धमकी का आरोप, मेयर की चेतावनी के बाद आरोपी निगम कर्मी को शो-कॉज

**कोलकाता, समाज्ञा :** खटाल को लेकर शिकायत करने पर शहर के एक नागरिक को कोलकाता नगर निगम के एक स्वास्थ्य कर्मी पर धमकी देने का आरोप लगाया गया। गत शुक्रवार को कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने 'टॉक टू मेयर' कार्यक्रम के दौरान इस बारे में जानने के बाद कार्रवाई की चेतावनी दी थी। चेतावनी के 24 घंटे के भीतर ही नगर निगम ने कर्मचारी को शो-कॉज किया है। पता चला है कि शनिवार को आरोपी नगर निगम कर्मी रंजीत चक्रवर्ती और बोरो कार्यपालक पदाधिकारी को नगर निगम में तलब किया गया। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी सुब्रत रॉय चौधरी ने उन्हें तलब किया था।



# परी महल, श्रीनगर, कश्मीर


## हमारी अंजानी धरोहर-61



डॉ. एस. के. सैनी

कश्मीर में डल झील के किनारे किनारे चलते हुए हम जब दाहिनी तरफ मुड़ते हैं, तो ट्यूलिप गार्डन के साथ-साथ एक रास्ता राजभवन के बगल से होते हुए उद्यान तक पहुंचता है। उसी रास्ते पर यदि हम आगे बढ़ते जाएं तो धीरे-धीरे एक पहाड़ी पर हमारी चढ़ाई शुरू हो जाती हैं। पहाड़ी पर ऊपर जाकर एक छोटे से दरवाजे के पास वह रास्ता बंद हो जाता है। यही एक खूबसूरत ख्वाब गाह परी महल का दरवाजा है। इस पहाड़ी का नाम जब्बरवान पहाड़ी है। यहां पर सुरक्षा गार्ड लगे हुए हैं क्योंकि यहां से राजभवन और गोल्फ कोर्स सीधा दिखाई देता है सीमा सुरक्षा बल को दे दिया गया है,अंदर घुसते ही गुलाब और डेहलिया के खिले हुए खूबसूरत रंग-बिरंगे फूल आपका स्वागत करते हैं।

यह महल सात मंजिला सीढ़ीदार उद्यान है। पहाड़ी के ढलान को बहुत ही खूबसूरत रूप से उद्यान और इमारत के रूप में निर्मित किया गया है। यह परी महल इस्लामी वास्तुकलाऔर स्थानीय कारीगरी का अद्भुत नमूना है। चांदनी रात में यहां पर ऐसा लगता है कि इस ख्वाब महल में परियों उतरती होगी और आमोद प्रमोद करती होगी.. इस सीढी नुमासात मंजिला उद्यान का निर्माण मुगल सम्राट शाहजहां के कार्यकाल में उनके पुत्र दारा शिकोह द्वारा अपने सूफी गुरु की याद में करवाया था।



इसका असली नाम पीर महल था जो अभी करते बिगड़ते परी महल हो गया। इसकी खूबसूरती कितनी अदभुत है कि जो भी यहां आता है आश्चर्यचकित होकर के खूबसूरती को निहारता रह जाता है। ऊंचाई से डल झील, उसमें लगे हुए शिकारे, गोल्फ कोर्स का पूरा नजाराऔर राज भवन का कुछ क्षेत्र दिखाई देता है जिसमें हेलीपैड शामिल है। इसकी हर मंजिल पर खूबसूरत उद्यान और आयताकार इमारत बनी हुई है। सकरी सी सीढ़ियां एक से दूसरे तल पर ले जाती हैं। इस पीर महल का निर्माण 1650 में करवाया गया था। जो भी इसे देखने आता है मंत्र मुग्ध हो जाता है।

# सच्चा मित्र



डॉ.मंजरी शुक्ला

चिंकी गिलहरी बहुत शैतान थी। इतनी शैतान कि जंगल के सभी जानवर उसे देखकर ही डर जाते थे। कभी वह पलटू खरगोश की गाजर कुतर कर फेंक देती तो कभी नन्हू कछुहे के ऊपर बैठकर जंगल की सैर कर आती।

एक बार तो उसने निफ़्टी गौरैया से शर्त लगाते हुए, जंगल के राजा शेरसिंह की पूँछ ही कुतर दी थी, जब वह झपकी ले रहा था।

बेचारा शेरसिंह दर्द के मारे इतनी जोर से दहाड़ा था कि पूरा जंगल थर्रा उठा था। रात दिन एक कर के भी बेचारा पता नहीं लगा पाया था कि यह कारस्तानी किसकी है।

निफ़्टी को शर्त हारने के कारण कई दिन तक स्वादिष्ट बीज और फल लाकर चिंकी को देने पड़े थे।



इस घटना के कुछ ही दिनों बाद जब शेरसिंह घूमने के लिए निकला तो उसने देखा कि जंगल में पेड़ पौधे कम हो रहे है।

वह यह देखकर बहुत परेशान हो गया और अपने साथ चल रहे जंबो हाथी से बोला-अगर सभी जानवर इसी तरह से पेड़ पौधों को खाते रहेंगे तो एक दिन यह जंगल तो खत्म हो जाएगा।

जंबो ने एक नज़र जंगल पर डाली और बोला-ये तो हमने कभी सोचा ही नहीं था।

डुडू हिरन बोला-मैं आज ही सब जानवरों से कह देता हूँ कि ढेर सारे बीज जो इधर उधर पड़े हुए है, उन्हें मिट्टी में दबा देख कुछ ही दिनों बाद उनमें से पौधे निकलने लगेंगे और फ़िर से हमारा जंगल हरा भरा हो जाएगा।

शेरसिंह और जंबो यह सुनकर मुस्कुरा दिए।

सभी पशु पक्षी शेरसिंह की बात सुनकर खुश हो गए और बीजों ढूँढ ढूँढकर को मिट्टी में दबाने लगे।

जंबों अपने साथियों के साथ मिलकर सूँढ में पानी भरकर लाता और बीजों पर बौछार डालता।

जहाँ एक ओर सभी पशु पक्षी मेहनत करके जंगल को हरा भरा बनाने की कोशिश कर रहे थे वहीं दूसरी और चिंकी के दिमाग में कुछ ओर ही चल रहा था।

शर्त जीतने के बाद से चिंकी की आदत बैठे बैठे खाने के पड़ गई थी। इसलिए जब वह देखती कि उसके आसपास कोई नहीं है तो वह चुपके से बीजों को निकालती, बड़े मजे से खाती और मिट्टी उसी जगह पर वापस डालकर भाग जाती।

एक दिन सुरीली कोयल ने उसे ऐसा करते देख लिया। पर वह जानती थी कि समझाने से चिंकी पर कोई असर नहीं होगा।

इसलिए वह उसके पास जाकर बोली-हमारे जंगल के पास में जो दूसरा जंगल है, वहाँ चलोगी?

घूमने की शौक़ीन चिंकी ख़ुशी से झूम उठी और तुरंत सरपट दौड़ती सुरीली के साथ चल दी।

दिन भर चलने के बाद जब वह शाम को दूसरे जंगल पहुंचे तो चिंकी सन्न खड़ी रह गई।

बंजर धरती पर कुछ मुरझाये हुए पेड़,पतले दुबले जानवर और कुछ पक्षी, जो सूखी डाल पर चुपचाप बैठे थे।

हमारे जंगल में तो कितनी ठंडी हवा बहती है और यहाँ शाम को भी कितनी गर्म हवा बह रही है। चिंकी बोली क्योंकि हमारे यहाँ फलों और नर्म मुलायम पत्तों से भरे हरे भरे पेड़ है।

थोड़ी ही देर चिंकी का प्यास के मारे गला सूखने लगा और वह सुरीली से बोली -मुझे बहुत प्यास लगी है।

यहाँ पेड़ नहीं होने के कारण पानी भी बहुत कम बरसता है और नदी भी सूख गई है।

चिंकी की आँखों से आँसू गिर पड़े।

वह बोली-चलो, जल्दी से हम अपने जंगल चले। मुझे भी ढेर सारे बीज मिट्टी में दबाने है।

सुरीली मुस्कुरा दी और बोली-कल हम यहाँ आकर भी बीज दबा जाएँगे ताकि यह जंगल भी हमारे जंगल की तरह खूबसूरत हो जाए।

हाँ...मुझे तो बहुत सारे बीज भी पता है, जो मैंने सबसे छुपाकर रखे है। चिंकी अपनी गोल गोल आँखें नचाते हुए बोली

सुरीली ने चिंकी की तरफ़ झूठमूठ के गुस्से से देखा और दोनों हँसते हुए अपने जंगल की ओर चल पड़ी।

# बसंत पंचमीः संगीत और कला की देवी मां सरस्वती को समर्पित पर्व

## बसंत पंचमी (2 फरवरी) पर विशेष



योगेश कुमार गोयल

माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी 'बसंत पंचमी' के रूप में देशभर में धूमधाम से मनाई जाती रही है, जो इस वर्ष 2 फरवरी को मनाई जा रही है। इस वर्ष पंचांग के अनुसार, पंचमी तिथि 2 फरवरी को सुबह 9 बजकर 14 मिनट पर आरंभ होगी और 3 फरवरी को सुबह 6 बजकर 52 मिनट पर समाप्त होगी, इसलिए बसंत पंचमी का पर्व इस साल 2 फरवरी को मनाया जा रहा है। 2 फरवरी को बसंत पंचमी की पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 7 बजकर 1 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 35 मिनट तक रहेगा। सरस्वती पूजा का मुहूर्त प्रातः 7 बजकर 8 मिनट से प्रारंभ होगा और दोपहर 12 बजकर 34 मिनट तक रहेगा। बसंत पंचमी मध्याह्न का क्षण दोपहर 12:34 बजे होगा। इस वर्ष बसंत पंचमी पर भद्रा का साया रहने वाला है। भद्रा सुबह 7 बजकर 8 मिनट पर आरंभ होगी और सुबह 9 बजकर 14 मिनट तक रहेगी। ज्योतिष शास्त्र में भद्रा को शुभ व मांगलिक कार्यों के लिए शुभ नहीं माना गया है। माना जाता है कि बसंत पंचमी का दिन बसंत ऋतु के आगमन का सूचक है। शरद ऋतु की विदाई और बसंत के आगमन के साथ समस्त प्राणीजगत में नवजीवन एवं नवचेतना का संचार होता है। वातावरण में चहुं ओर मादकता का संचार होने लगता है। प्रकृति के सौंदर्य में निखार आने लगता है। शरद ऋतु में वृक्षों के पुराने पत्ते सूखकर झड़ जाते हैं, लेकिन बसंत की शुरुआत के साथ ही पेड़-पौधों पर नयी कोंपलें फूटने लगती हैं। चारों ओर रंग-बिरंगे फूल खिल जाते हैं, धरती का वातावरण महकने लगता है। बसंत पंचमी के ही दिन होली का उत्सव भी आरंभ हो जाता है और इस दिन पहली बार गुलाल उड़ाया जाता है।



साहित्य और संगीत प्रेमियों के लिए तो बसंत पंचमी का विशेष महत्व है, क्योंकि यह ज्ञान और वाणी की देवी सरस्वती की पूजा का पवित्र पर्व माना गया है। बच्चों को इस दिन से बोलना या लिखना सिखाना शुभ माना गया है। संगीतकार इस दिन अपने वाद्य यंत्रों की पूजा करते हैं। ऐसी मान्यता है कि इसी दिन विद्या और बुद्धि की देवी मां सरस्वती अपने हाथों में वीणा, पुस्तक व माला लिए अवतरित हुईं थी। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में इस दिन लोग विद्या, बुद्धि और वाणी की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती की पूजा-आराधना करके अपने जीवन से अज्ञानता के अंधकार को दूर करने की कामना करते हैं। कहा जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने बसंत पंचमी के दिन ही प्रथम बार देवी सरस्वती की आराधना की थी और कहा था कि अब से प्रतिवर्ष बसंत पंचमी के दिन देवी सरस्वती की पूजा होगी और इस दिन को मां सरस्वती के आराधना पर्व के रूप में मनाया जाएगा।

प्राचीन काल में बसंत पंचमी को प्रेम के प्रतीक पर्व के रूप में 'वसंतोत्सव', 'मदनोत्सव', 'कामोत्सव' अथवा 'कामदेव पर्व' के रूप में मनाए जाने का भी उल्लेख मिलता है। इस संबंध में मान्यता है कि इसी दिन कामदेव और रति ने पहली बार मानव हृदय में प्रेम की भावना का संचार कर उन्हें चेतना प्रदान की थी, ताकि वे सौन्दर्य और प्रेम की भावनाओं को गहराई से समझ सकें। इस दिन रति पूजा का भी विशेष महत्व है। मान्यता है कि कामदेव ने बसंत ऋतु में ही पुष्प बाण चलाकर समाधिस्थ भगवान शिव का तप भंग करने का अपराध किया था, जिससे क्रोधित होकर उन्होंने अपने तीसरे नेत्र की ज्वाला से कामदेव को भस्म कर दिया था। बाद में कामदेव की पत्नी रति की प्रार्थना और विलाप से द्रवित होकर भगवान शिव ने रति को आशीर्वाद दिया कि उसे श्रीकृष्ण के पुत्र प्रद्युम्न के रूप में अपना पति पुनः प्राप्त होगा। 'बसंत पंचमी' को गंगा का अवतरण दिवस भी माना जाता है। इसलिए धार्मिक दृष्टि से बसंत पंचमी के दिन गंगा स्नान करने का बहुत महत्व माना गया है। बसंत पंचमी को 'श्री पंचमी' भी कहा गया है। कहा जाता है कि इस दिन का स्वास्थ्य वर्षभर के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। अतः इस पर्व को स्वास्थ्यवर्धक एवं पापनाशक भी माना गया है।

(लेखक 35 वर्षों से पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

# बजट में महिलाओं के लिए बड़ी घोषणा, इन योजनाओं का मिलेगा लाभ



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपना आठवां बजट पेश किया। इस दौरान उन्होंने आम आदमी को कई तोहफे दिए। आयकर में छूट से लेकर किसानों के लिए कई योजनाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन को बढ़ाना देने के लिए कई बड़ी घोषणाएं की। बजट में युवाओं, उद्यमियों के लिए भी एलान किए गए। इस बजट में महिलाओं को भी सौगात दी गई है। नारी सशक्ति को बढ़ावा देने के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उद्यमी महिलाओं के लिए योजनाओं का एलान किया। आंगनबाड़ी और गर्भवती महिलाओं के लिए भी घोषणाएं की गई हैं।

आइए जानते हैं मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले पूर्ण बजट में महिलाओं को क्या-क्या मिला।


### महिला उद्यमियों के लिए योजनाएं

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्टार्टअप में उनके लिए फंड की घोषणा की। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार के 10,000 करोड़ रुपये के योगदान से स्टार्टअप्स के लिए फंड की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार पहली बार पांच लाख महिलाओं, एससी और एसटी उद्यमियों के लिए 2 करोड़ रुपये का ऋण देगी। महिला उद्यमियों के लिए नई योजनाएं लागू की जाएगी। इस दौरान अगले पांच सालों में महिला उद्यमियों को 2 करोड़ रुपये तक का टर्म लोन देने की योजना है।

### सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0

सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 का भी ऐलान किया। वित्त मंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत आठ करोड़ बच्चों, एक करोड़ गर्भवती महिलाओं और 20 लाख किशोरियों को फायदा मिलेगा। ये भारत सरकार की एक योजना है, जिसका मकसद बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं में कुपोषण को कम करना है। इस योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों पर पूरक पोषण दिया जाता है। भारत सरकार की ये योजना 'मिशन शक्ति' का हिस्सा है। इस योजना के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों के जरिए पात्र लाभार्थियों को पूरक पोषण दिया जाता है। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों में आधुनिक सुविधाएं भी दी जाती हैं।

# प्रपोज डे पर ऐसा क्या करें, बिना इजहार किए ही हां बोल दे आपका क्रश



प्यार करने वालों का सात दिवसीय पर्व 7 फरवरी से शुरू हो रहा है। वैलेंटाइन सप्ताह का हर दिन प्यार, स्नेह और अपनेपन की अभिव्यक्ति का मौका देता है। कपल, पति-पत्नी या दोस्तों और परिवार के प्रति तो भावनाओं की अभिव्यक्ति की ही जाती है, वहीं नए प्यार की शुरुआत भी होती है। अगर आप किसी को पसंद करते हैं तो अपने प्यार के इजहार का वैलेंटाइन वीक पर कर सकते हैं। वैलेंटाइन वीक के दूसरे दिन प्रपोज डे मनाया जाता है। प्रपोज का मतलब ही होता है, प्रस्ताव रखना।

वैलेंटाइन डे का प्रपोज डे प्यार के प्रस्ताव का दिन होता है। हर साल 8 फरवरी को प्रपोज डे मनाया जाता है। यह दिन उन लोगों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है जो अपने दिल की बात कहने का इंतजार कर रहे होते हैं।

### प्रपोज डे क्यों मनाया जाता है?

प्रपोज डे का मकसद होता है अपने क्रश या पार्टनर के सामने अपने प्यार का इज़हार करना। ये दिन खास इसलिए है क्योंकि इस दिन लोग अपने दिल की बात बिना किसी झिझक के कह सकते हैं। हालांकि अगर आप अपने क्रश से प्रपोज करने में झिझक महसूस कर रहे हैं तो कुछ तरीकों को अपनाकर बिना शब्दों के उन्हें प्रपोज कर सकते हैं। आपके प्रपोज करने का तरीका देख कर ही क्रश आपके मन की बात समझ जाएंगे और हां बोल सकते हैं। सबसे जरूरी है कि आप सच्चे दिल से अपनी भावनाओं को शेयर करें। आइए जानते हैं प्रपोज डे पर ऐसा क्या करें कि बिना आपके इजहार-ए-मोहब्बत के क्रश हां बोल दें।

### बॉडी लैंग्वेज से दें संकेत

कभी-कभी शब्दों से ज्यादा, आपका बॉडी लैंग्वेज बहुत कुछ बयां कर देती है। आंखों में प्यार, हल्की मुस्कान और हल्का टच बहुत कुछ कह सकता है। अपने बर्ताव, नजरों से उन्हें बताएं कि आपके जीवन में क्रश की क्या भूमिका है।

### कस्टमाइज्ड गिफ्ट दें

इस मौके पर क्रश की पसंद का ख्याल रखते हुए, एक कस्टमाइज्ड गिफ्ट बनवाएं। जैसे, फोटो फ्रेम, पर्सनलाइज्ड कप या एक छोटा सा हैंडमेड गिफ्ट। यह बिना कहे भी आपके दिल की बात को बयां कर देगा।

### म्यूजिक का सहारा लें

अगर आप शायराना अंदाज़ में कुछ कहना चाहते हैं, तो एक रोमांटिक गाने की कुछ लाइने उनके लिए गुनगुनाएं। इससे बिना कहे भी आपके जज़्बात साफ हो जाएंगे।

### प्यार भरा नोट

एक छोटा सा प्रेम पत्र (लव नोट) लिखें, जिसमें आप उनकी तारीफ करें या अपने दिल की बात इशारों में कहें। इसे उनके बैग, किताब या किसी ऐसी जगह पर रखें जहां वो अचानक से देख लें।

### खास जगह पर ले जाएं

अगर आपको पता है कि उन्हें किसी खास जगह जाना पसंद है, तो वहां एक छोटा सा सरप्राइज़ प्लान करें। जैसे किसी कॉफी शॉप में उनके पसंदीदा ड्रिंक के साथ एक छोटा सा नोट छोड़ सकते हैं।

# नहीं मिल रहा पार्लर जाने का समय तो घर पर ही हटाएं अपर लिप्स के बाल

चेहरे पर निकलने वाले अनचाहे बाल महिलाओं की खूबसूरती को कम कर देते हैं। इसी वजह से महिलाएं पार्लर जाकर समय-समय पर न सिर्फ आईब्रो की थ्रेडिंग कराती हैं, बल्कि वो अपर लिप्स हेयर भी रिमूव भी कराती हैं।

जो महिलाएं अपर लिप्स के हेयर रिमूव कराती हैं, वो अगर समय से पार्लर न जाएं तो चेहरा अजीब दिखने लगता है। ऐसे में सही समय पर पार्लर जाकर अपर लिप्स के हेयर रिमूव कराना जरूरी होता है, लेकिन महिलाओं के लिए बार-बार पार्लर जाना आसान नहीं हो पाता है। इसी के चलते हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करके आप अपर लिप्स के बाल आसान विधि से रिमूव कर सकती हैं।

### शुगर वैक्स का करें इस्तेमाल

इस वैकेस को तैयार करने के लिए आपको 2 टेबलस्पून चीनी, 1 टेबलस्पून नींबू का रस और 1 टेबलस्पून पानी की जरूरत पड़ेगी। इसे बनाने के लिए एक पैन में चीनी, नींबू और पानी डालें और धीमी आंच पर गर्म करें। जब यह गाढ़ा और सुनहरा हो जाए, तो गैस बंद कर दें और थोड़ा ठंडा होने दें।

वैक्स को अपर लिप्स पर लगाएं और ऊपर से कोई साफ पतला कपड़ा या वैक्सिंग स्ट्रिप लगाएं। स्ट्रिप को हल्के से दबाएं और फिर तेज़ी से खींच लें। स्किन पर कोई केमिकल नहीं होगा, और यह बालों को जड़ से निकालता है।

### बेसन और हल्दी पैक

अगर आप नेचुरल तरीके से अपर लिप्स के बाल हल्के करना चाहती हैं तो यह बेस्ट तरीका है। इस पैक को बनाने के लिए आपको 1 टेबलस्पून बेसन, 1 चुटकी हल्दी और 1 टेबलस्पून गुलाब जल या दूध की जरूरत पड़ेगी।

इसे तैयार करने के लिए सभी सामग्री को मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अपर लिप्स पर लगाएं और सूखने दें। हल्के हाथों से रगड़ते हुए इसे हटा दें। ये बालों को जड़ से हटाने के साथ स्किन को भी चमकदार बनाता है।

### शहद और नींबू

अगर आपके अपर लिप्स पर हल्के बाल हैं, तो आप उन्हें हटाने की बजाय हल्का कर सकती हैं। इस पैक को बनाने के लिए आपको 1 टेबलस्पून शहद और ट टेबलस्पून नींबू का रस की जरूरत पड़ेगी। दोनों चीजों को लेने के बाद मिलाकर मिश्रण बना लें। इसे अपर लिप्स पर लगाएं और 15-20 मिनट बाद गुनगुने पानी से धो लें। यह बालों को हल्का और स्किन को ग्लोइंग बनाएगा।

### इन बातों का ध्यान रखें

अपर लिप्स शरीर की काफी नाजुक त्वचा होती है। ऐसे में इसके बाल हटाने के बाद हमेशा मॉइस्चराइजर या एलोवेरा जेल लगाएं, ताकि स्किन में जलन न हो। अगर कोई तरीका स्किन पर सूट न करे, तो तुरंत बंद कर दें।

# हजारों रुपये खर्च करके कराया है केराटिन ट्रीटमेंट तो ऐसे रखें बालों का ध्यान

केराटिन एक प्राकृतिक प्रोटीन है, जो हमारे बालों, त्वचा और नाखूनों में पाया जाता है। धूल, धूप, केमिकल और हीट स्टाइलिंग से हमारे बालों का केराटिन धीरे-धीरे कम होने लगता है, जिससे बाल रूखे, उलझे और डैमेज हो जाते हैं। ऐसे में महिलाएं खासतौर पर केराटिन ट्रीटमेंट कराती हैं।

केराटिन ट्रीटमेंट आजकल बहुत पॉपुलर हेयर ट्रीटमेंट है, जिससे बाल सीधे, सिल्की और फ्रिज़-फ्री हो जाते हैं लेकिन अगर सही देखभाल न की जाए, तो इसका असर जल्दी खत्म हो सकता है। अगर आपने केराटिन ट्रीटमेंट करवाया है, तो इसे लंबे समय तक बनाए रखने के लिए सही देखभाल जरूरी है। सही प्रोडक्ट्स और हेयर केयर रूटीन अपनाने से आपका केराटिन ट्रीटमेंट 3-5 महीने तक टिक सकता है।

### बाल धोने में जल्दबाजी न करें

केराटिन ट्रीटमेंट के बाद कम से कम 3 दिन (72 घंटे) तक बाल न धोएं। इसके लिए आपको सैलून वाले भी क्लीयर मना करके भेजेंगे। इस दौरान बालों को भीगने से बचाएं, क्योंकि पानी केराटिन को कमजोर कर सकता है। अगर गलती से बाल गीले हो जाएं, तो तुरंत हेयर ड्रायर से सुखा लें। अगर पसीना आ जाए तो हल्के हाथों से टिशू से सुखाएं, लेकिन धोएं नहीं।

### बालों को खुला छोड़ें

केराटिन कराने के बाद 3-4 दिन तक बालों में क्लिप, हेयरबैंड या रबरबैंड न लगाएं। बालों को मोड़कर न बांधें क्योंकि इससे ट्रीटमेंट में क्रीज आ सकती है। सोते समय सिल्क पिलो कवर का इस्तेमाल करें ताकि बाल ज्यादा रगड़ न खाएं। अगर बाल चेहरे पर आ रहे हैं, तो हल्के हाथों से पीछे कर लें लेकिन बांधें नहीं।

### सल्फेट-फ्री शैंपू और कंडीशनर का इस्तेमाल करें

केराटिन ट्रीटमेंट के बाद हमेशा केमिकल-फ्री और सल्फेट-फ्री शैंपू ही इस्तेमाल करें। सल्फेट, पैराबेन और सोडियम युक्त शैंपू केराटिन को जल्दी खत्म कर देते हैं। इसके साथ सिलिकॉन-फ्री कंडीशनर बालों को नरिश करने में मदद करता है।

### ज्यादा बार बाल धोने से बचें

यदि आपको हर रोज बाल धोने की आदत है तो इससे बचें। रोज-रोज बाल धोने से केराटिन जल्दी निकल सकता है। केराटिन के बाद हफ्ते में सिर्फ 2-3 बार शैंपू करें। अगर बाल जल्दी ऑयली हो रहे हैं तो ड्राई शैंपू का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### गर्म पानी से बाल धोने से बचें

गर्म पानी बालों को रूखा बना सकता है और केराटिन जल्दी निकल सकता है। इसलिए हमेशा गुनगुने या ठंडे पानी से ही बाल धोएं। ये आपके पैसे को बर्बाद होने से बचाएगा।

### हीटिंग टूल्स का इस्तेमाल करें कम

केराटिन के बाद कभी भी ब्लो-ड्रायर, स्ट्रेटनर, कर्लिंग आयरन का ज्यादा इस्तेमाल न करें। ज्यादा हीट से बाल कमजोर और रूखे हो सकते हैं। अगर इस्तेमाल करना पड़े, तो हीट प्रोटेक्टेट स्प्रे जरूर लगाएं।

# रेसिपी कार्नर: केसर खीर






वसंत पंचमी का दिन हिंदू धर्म में काफी खास माना जाता है। हिंदू पंचांग की मानें तो वसंत पंचमी माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी को मनाई जाती है। इस साल ये तिथि 2 फरवरी को पड़ रही है, इसलिए वसंत पंचमी का त्योहार 2 फरवरी को मनाया जाएगा। ऐसी मान्यता है कि इस दिन विद्या की देवी मां सरस्वती का जन्म हुआ था। ऐसे में इस दिन हर कोई उनकी पूजा-अर्चना करता है।

यदि आप भी वसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की पूजा करके उन्हें प्रसन्न करना चाहते हैं तो उन्हें पीले पकवानों का भोग लगाएं। मां सरस्वती को केसर खीर अति प्रिय है। ऐसे में आप उन्हें केसर खीर का भोग भी लगा सकते हैं। यहां हम आपको केसर खीर बनाने की आसान विधि बताने जा रहे हैं।

### केसर खीर बनाने के लिए आवश्यक सामग्री

दूध - 1 लीटर (फुल क्रीम)
चावल - 1/4 कप (भीगे हुए, बासमती चावल हो तो बेहतर)
चीनी - 1/2 कप (स्वादानुसार)
केसर - 8-10 धागे (2 चम्मच गुनगुने दूध में भिगोए हुए)
इलायची पाउडर- 1/2 छोटी चम्मच
ड्राई फ्रूट्स- बादाम, काजू, पिस्ता (बारीक कटे हुए)
घी - 1 छोटा चम्मच

### केसर खीर बनाने की विधि

इसके लिए सबसे पहले चावल को भिगोकर तैयार करें। इसके लिए चावल को 20-30 मिनट के लिए पानी में भिगो दें और फिर हल्का मसलकर पानी निकाल दें। इससे खीर जल्दी गाढ़ी होगी।

अब एक भारी तले वाले पैन में 1 लीटर दूध डालकर मध्यम आंच पर उबालें। बीच-बीच में चलाते रहें ताकि दूध तले में न लगे। जब दूध हल्का उबलने लगे, तब भीगे हुए चावल डालें और धीमी आंच पर पकाएं। इसे 15-20 मिनट तक लगातार चलाते हुए पकाएं, जब तक चावल नरम न हो जाएं।

अब इसमें चीनी और केसर वाला दूध डालें और 5 मिनट तक और पकाएं। इससे खीर को सुगंध और खूबसूरत रंग मिलेगा। अब बारीक कटे हुए बादाम, काजू, पिस्ता और इलायची पाउडर डालें। इसे 5 मिनट और पकने दें ताकि फ्लेवर अच्छी तरह से मिल जाए।

अब गैस बंद करें और खीर को गर्म या ठंडा दोनों तरीकों से परोसें। ऊपर से थोड़े कटे हुए ड्राई फ्रूट्स और केसर के धागे डालकर गार्निश करें। ठंडी होने के बाद इसका भोग लगाया जा सकता है।

## भारत की नजर लगातार दूसरे महिला टी20 विश्व कप खिताब पर




**कुआलालंपुर :** टूर्नामेंट में अब तक अजेय रही भारतीय टीम रविवार को यहां महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप के फाइनल में जब दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी तो उसका लक्ष्य लगातार दूसरा खिताब जीतना होगा। भारत का अब तक का अभियान शानदार रहा है और उसने टूर्नामेंट में अपने सभी छह मैच जीते हैं। निकी प्रसाद की अगुवाई वाली टीम ने अभी तक सभी विभागों में अच्छा प्रदर्शन किया है। भारत ने वेस्टइंडीज (नौ विकेट), मलेशिया (10 विकेट), श्रीलंका (60 रन), बांग्लादेश (आठ विकेट), स्कॉटलैंड (150 रन) और इंग्लैंड (सेमीफाइनल में नौ विकेट) पर आसान जीत दर्ज की। सलामी बल्लेबाज गोंगडी त्रिशा शानदार फॉर्म में हैं और छह पारियों में 66.25 की औसत से 265 रन बनाकर टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं। उनकी सलामी जोड़ीदार और बाएं हाथ की बल्लेबाज जी कमलिनी ने उनका अच्छा साथ दिया है। वह छह पारियों में 45 की औसत से 135 रन बनाकर सूची में तीसरे स्थान पर हैं। लेकिन भारत के लिए चिंता का विषय मध्यक्रम के बल्लेबाज होंगे जिन्हें अभी तक खेलने का बहुत कम मौका मिला है। भारतीय टीम ने गेंदबाजी विभाग में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। उसकी स्पिनर वैष्णवी शर्मा और आयुषी शुक्ला सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची पहले दो स्थान पर है। जहां वैष्णवी 3.40 की औसत से 15 विकेट लेकर सबसे आगे हैं, वहीं आयुषी ने प्रतियोगिता में अब तक 5.91 की औसत से 12 विकेट लिए हैं। उम्मीद है कि यह जोड़ी फाइनल में भी यहां धीमे और टर्निंग विकेट पर अहम भूमिका निभाएगी।

## सूर्यकुमार और संजू सैमसन की फॉर्म पर होगी भारत की नजर




**मुंबई :** श्रृंखला पहले ही अपने नाम कर चुकी भारतीय टीम 'कनकशन सब' (किसी खिलाड़ी के सिर में गेंद लगने पर उसकी जगह लेने वाला स्थानापन्न खिलाड़ी) को लेकर उठे विवाद के बीच रविवार को यहां पांचवें औरअंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड का सामना करने के लिए उतरेगी तो उसकी निगाह शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के प्रदर्शन पर टिकी रहेगी। शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों में शामिल सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन और कप्तान सूर्यकुमार यादव रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं और टीम उन्हें यहां फॉर्म में लौटते हुए देखना चाहेगी। भारत ने पुणे में खेले गए चौथे मैच में 15 रन से जीत दर्ज करके पांच मैच की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल कर ली। इस मैच में हालांकि इंग्लैंड ने भारत के 'कनकशन सब' को लेकर लिए गए फैसले पर नाराजगी व्यक्त की। भारतीय पारी के दौरान ऑलराउंडर शिवम दुबे के सिर में गेंद लग गई थी और भारत ने उनके 'कनकशन सब' के रूप में तेज गेंदबाज हर्षित राणा को उतारा जिन्होंने 33 रन देकर तीन विकेट लिए और इंग्लैंड की वापसी करने की उम्मीद पर पानी फेरा। भारत के फैसले को आईसीसी मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ की मंजूरी हासिल थी लेकिन इंग्लैंड इस बात से नाराज था कि उसने समान योग्यता वाले खिलाड़ी को क्यों नहीं उतारा जबकि रमनदीप सिंह टीम में मौजूद थे। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने इस पर अपनी नाराजगी खुलकर व्यक्त की लेकिन पराजय के लिए उनके बल्लेबाज भी जिम्मेदार रहे जो अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए। इंग्लैंड ने 182 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक समय एक विकेट पर 65 रन बनाए थे लेकिन इसके बाद उसने लगातार विकेट गंवाए। उसके बल्लेबाज एक बार फिर स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई की फिरकी को समझने में नाकाम रहे। भारत भले ही श्रृंखला अपने नाम कर चुका है लेकिन सैमसन और सूर्यकुमार की खराब फॉर्म उसके लिए चिंता का विषय बना हुआ है। सैमसन इस श्रृंखला से पहले केरल की तरफ से विजय हजारे ट्रॉफी में नहीं खेले थे और उनके खेल में मैच अभ्यास की कमी स्पष्ट नजर आ रही है। वह मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर की तेज और उठती हुई गेंदों के सामने संघर्ष करते हुए नजर आ रहे हैं। सैमसन ने अभी तक चार मैच में केवल 35 रन बनाए हैं लेकिन लगता नहीं है कि भारत सलामी जोड़ी के अपने संयोजन में किसी तरह से बदलाव करेगा।

## श्रीलंका को ऑस्ट्रेलिया ने दी टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ी हार



**गॉल (श्रीलंका) :** ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को यहां पहले टेस्ट में श्रीलंका को एक सत्र और एक दिन रहते पारी और 242 रन से शिकस्त दी जो मेजबान टीम की टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ी हार है। श्रीलंकाई टीम फॉलोऑन खेलते हुए अपनी दूसरी पारी में 247 रन पर ढेर हो गई। इससे पहले उसकी सबसे बड़ी टेस्ट हार 2017 में नागपुर में मिली थी जिसमें भारत ने उसे पारी और 239 रन से शिकस्त दी थी। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी छह विकेट पर 654 रन के स्कोर पर घोषित की थी जबकि श्रीलंका पहली पारी में 165 रन पर सिमट गई थी। ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन और नाथन लियोन ने दोनों पारियों में श्रीलंका की कमजोर बल्लेबाजी को ध्वस्त करते हुए मिलकर 16 विकेट झटके। कुहनेमैन ने पहली पारी में पांच विकेट चटकाए थे, उन्होंने 149 रन देकर नौ विकेट हासिल किए जो टेस्ट क्रिकेट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। श्रीलंका ने लंच से पहले एक सत्र में आठ विकेट गंवाये। उसने लंच और चाय के बीच सात विकेट खो दिए। ऑस्ट्रेलिया ने शानदार गेंदबाजी और बेहतरीन क्षेत्ररक्षण से अपना दबदबा कायम रखा। दिनेश चांडीमल एकमात्र खिलाड़ी थे जो एक छोर पर डटे थे जिन्होंने 72 रन बनाए जबकि नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले जेफरी वांडरसे ने दूसरी पारी में अर्धशतक बनाया।

## खेल बजट में 350 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी की घोषणा, 'खेलो इंडिया' को मिला सबसे बड़ा हिस्सा

**नयी दिल्ली :** जमीनी स्तर पर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की खोज और उन्हें प्रोत्साहित करने की सरकार की प्रमुख योजना 'खेलो इंडिया' को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा शनिवार को यहां पेश किये गये केंद्रीय बजट में सबसे ज्यादा फायदा हुआ। खेलों के लिए आवंटन में 351.98 करोड़ रुपये की भारी बढ़ोतरी की घोषणा की गयी है जिसका सबसे बड़ा हिस्सा खेलो इंडिया कार्यक्रम को मिलेगा। इस महत्वाकांक्षी योजना को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। यह 2024-25 के 800 करोड़ रुपये के अनुदान से 200 करोड़ रुपये अधिक है। युवा मामले एवं खेल मंत्रालय को कुल मिलाकर 3,794.30 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। यह रकम पिछले साल की तुलना में 351.98 करोड़ रुपये अधिक है। खेल एवं युवा मामलों के मंत्री मनसुख मांडविया ने 'एक्स' पर इस बजट की तारीफ करते हुए लिखा, 'यह खेल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ खेलो इंडिया को बढ़ावा देगा और युवा-केंद्रित विकास पहलों का विस्तार करेगा। इससे खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी सशक्त होगी।' यह बढ़ोतरी इस बात को ध्यान में रखते हुए अधिक है कि अगले वर्ष ओलंपिक, राष्ट्रमंडल या एशियाई खेलों जैसा कोई बड़ा खेल आयोजन नहीं है। राष्ट्रीय खेल महासंघों को सहायता के लिए निर्धारित राशि को भी 340 करोड़ रुपये से मामूली तौर पर बढ़ाकर 400 करोड़ रुपये कर दिया गया है। भारत वर्तमान में 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए एक महत्वाकांक्षी बोली की तैयारी कर रहा है। भारत ने इसके लिए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को एक आशय पत्र प्रस्तुत किया है। राष्ट्रीय शिविरों के संचालन और खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए साजो-सामान व्यवस्था के लिए नोडल निकाय भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के लिए आवंटन 815 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 830 करोड़ रुपये कर दिया गया। साइ देश भर में स्टेडियमों के रखरखाव और उपयोग के लिए भी जिम्मेदार है। राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला के लिए भी इसी तरह की बढ़ोतरी की घोषणा की गई है। उसे वित्तीय वर्ष में 23 करोड़ रुपये मिलेंगे जो 2024-25 के 18.70 करोड़ रुपये से अधिक है।

## कोहली को नहीं मिला दूसरी पारी में खेलने का मौका, दिल्ली ने रेलवे को पारी से हराया

**नयी दिल्ली :** ऑफ स्पिनर शिवम शर्मा के पांच विकेट की बदौलत दिल्ली ने शनिवार को यहां रणजी ट्रॉफी लीग में अपने अभियान का अंत रेलवे पर पर बोनस अंक की जीत दर्ज करके किया। दिन की शुरुआत सात विकेट पर 334 रन से करने वाली दिल्ली ने पहली पारी में 374 रन बनाकर 133 रन की बढ़त हासिल की। रेलवे के बल्लेबाजों ने कुछ लापरवाही भरे शॉट खेले जिससे मैच परिणाम जल्दी निकल गया। दोपहर के सत्र में रेलवे की टीम 30.4 ओवर में 114 रन पर ऑल आउट हो गई और उसे पारी तथा 19 रन से हार का सामना करना पड़ा। इस जीत से दिल्ली को बोनस सहित सात अंक मिले। इस नतीजे से दर्शक मैच में दूसरी बार स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को बल्लेबाजी करते हुए देखने से महरूम हो गए। दिल्ली के लिए सुमित माथुर (86) रात के 78 रन को शतक में तब्दील नहीं कर सके क्योंकि दूसरे दिन कोहली का विकेट झटकने वाले हिमांशु सांगवान ने उन्हें पगबाधा आउट किया और चार विकेट चटकाए। दिल्ली की यह इस सत्र की दूसरी जीत थी।

## न्यूज अपडेट

### भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज रिद्धिमान साहा ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया



**कोलकाता :** भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज रिद्धिमान साहा ने पंजाब के खिलाफ बंगाल के लिए अपना अंतिम रणजी ट्रॉफी मैच खेलने के बाद शनिवार को यहां प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया। चालीस साल के साहा ने अपने शानदार करियर के दौरान भारत के लिए 2010 में पदार्पण करने के बाद 40 टेस्ट और नौ एकदिवसीय मैच खेले हैं। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में बंगाल और त्रिपुरा के लिए कुल मिलाकर 142 प्रथम श्रेणी और 116 लिस्ट ए मैच खेले हैं। साहा ने एक्स पर लिखा, 'जब मैंने 1997 में पहली बार क्रिकेट के मैदान पर कदम रखा था तब से 28 साल हो गए हैं, और यह यात्रा शानदार रही है।अपने देश, राज्य, जिले, क्लब, विश्वविद्यालय, कॉलेज और स्कूल का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है।' साहा ने अपने जीवन पर क्रिकेट के प्रभाव पर कहा, 'आज मैं जो कुछ भी हूं, हर उपलब्धि, हर सीखा हुआ सबक, मैं इन सबका श्रेय इस अद्भुत खेल को देता हूं। क्रिकेट ने मुझे बेहद खुशी के पल, अविस्मरणीय जीत और अमूल्य अनुभव दिए हैं। इसने मेरी परीक्षा भी ली है और मुझे उससे निपटना के बारे में भी सिखाया है।'

### पंद्रह साल के कार्तिक ने 'इंटरनेशनल सीरीज इंडिया' में कट हासिल कर रचा इतिहास



**गुरुग्राम :** भारतीय अमेच्योर गोल्फ खिलाड़ी कार्तिक सिंह ने शनिवार को यहां 'इंटरनेशनल सीरीज इंडिया' में कट हासिल कर एशियाई टूर स्पर्धा में इस कारनामे को करने वाले उपमहाद्वीप के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गये। पंद्रह साल के कार्तिक ने डीएलएफ गोल्फ और कंट्री क्लब में दूसरे दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर चार ओवर हो गया। कट स्कोर आठ अंडर था। कार्तिक के लिए यह दूसरा पेशेवर टूर्नामेंट है। इस किशोर खिलाड़ी ने इससे पहले केवल एक एशियाई डेवलपमेंट टूर कार्यक्रम में हिस्सा लिया है। कार्तिक इस प्रतियोगिता में दो बार के मेजर विजेता ब्रायसन डेचैम्ब्यू, भारतीय दिग्गज अनिर्बान लाहिड़ी और एलआईवी गोल्फ लीग के जोकिन नीमन जैसे सितारे के साथ खेल रहे है। अमेच्योर गोल्फ में अंडर-15 स्तर पर दुनिया के शीर्ष रैंकिंग वाले इस खिलाड़ी ने अपने मजबूत प्रदर्शन का श्रेय इस गोल्फ कोर्स से परिचित होने को दिया। उन्होंने कहा, 'ब्रायसन के साथ खेलना अवास्तविक जैसा लगता है। मैं आम तौर पर उन्हें टेलीविजन पर देखता हूं और मैं उस टूर्नामेंट में खेल रहा हूं जिसमें वह भी शामिल है। यह एक शानदार अनुभव है।'




वर्ष 9, पूर्णांक 4137 अंक 287, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in